




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 252 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 25 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# सीएम बघेल की घोषणा : रायपुर नाका- बोगदापुल जामुल रोड अब होगा विद्यारतन भसीन मार्ग

श्रीकंचनपथ न्यूज



भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा के दिवंगत विधायक विद्यासरतन भसीन को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रद्धांजलि देते हुए बड़ी घोषणा की है। शनिवार शाम को वैशाली नगर में दिवंगत नेता के निवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत नेता के कार्यशैली व उनके व्यवहार की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रायपुर नाका से बोगदापुल जामुल तक की सड़क का नामकरण विद्यारतन भसीन के नाम पर होगा। अब यह सड़क स्व. विद्यारतन भसीन मार्ग के नाम से जाना जाएगा।

बता दें 22-23 जून की दरमियानी रात को वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। 23 जून को रामनगर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इनके निधन के बाद भारतीय जनता पार्टी के साथ ही वैशाली नगर विधानसभा में शोक की लहर व्याप्त हो गई। शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग दौरे पर थे और इस दौरान उन्होंने वैशाली नगर में दिवंगत नेता के निवास पर पहुंचकर शोक उन्होंने स्वर्गीय विद्यारतन भसीन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्रीमती चन्दर भसीन और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की।

## अलग दल को होने के बाद भी हमारे संबंध अच्छे

श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्व. विद्यारतन भसीन काफी मिलनसार नेता थे। उनके द्वार सभी के लिए खुले रहते थे। अलग अलग दल का होने के बाद भी हमारे उनके साथ बड़े अच्छे संबंध रहे हैं। जब भी विधानसभा में मिलने काफी आत्मियता के साथ मिलते थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्व. विद्यारतन भसीन की स्मृति को चिरस्थाई रखने के लिए रायपुर नाक से लेकर जामुल बोगदा की सड़क का नाम उनके नाम पर होगा। आगे से यह सड़क विद्यारतन भसीन मार्ग के नाम से जाना जाएगा। दिवंगत भाजपा नेता की बड़ी बेटी दिव्या भसीन ने बताया कि रायपुर नाका से बोगदा पुलिया तक सड़क उनके पिता के कार्यकाल में बनी थी, इसलिए उस रोड का नाम स्वर्गीय विद्यारतन भसीन के नाम करने की मांग की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल द्वारा घोषणा किए जाने का बाद उनका आभार जताया।

## खास - खबर

### इतिहास में आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा-पीएम मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में आपातकाल लगाए जाने के 48 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पीएम ने उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'मैं उन लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और देश में लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल हमारे देश के इतिहास का कभी ना भूला जा सकने वाला समय है, जो संविधान के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है।' बता दें कि पीएम मोदी फिलहाल मिस्त्र के दौरे पर हैं।

### पुलिस को मिली सफलता, तेंदुए की खाल के साथ चार गिरफ्तार

**गरियाबंद।** तेंदुए की खाल बेचने की फिराक में निकले चार तस्करों को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार कर तेंदुए की खाल को जब्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक, मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मोंगरा तरफसे चार लोग तेंदुए की खाल को एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में भरकर ग्राहक की तलाश में हैं। वे सभी बाइक पर सवार थे। मुखबीर ने बताया कि वो लोग तेंदुए का खाल को लेकर कोसमबुडा तिराहा की तरफआ रहे हैं। सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ा लिया।

# छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय : तेज बारिश की चेतावनी, मिली गर्मी से राहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश हो गया है और इसके साथ ही लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। शनिवार को पूरे प्रदेश में मानसून की एंट्री हुई और इसके कारण आधी रात से ही बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलो में हल्की से मध्यम व तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी दी है।

सुस्ती से चल रहे मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ी है। शनिवार को एक दिन में यह छह राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख पहुंच गया। पूरे छत्तीसगढ़ में शनिवार को मानसून सक्रिय हो गया। वहीं, बस्तर से लेकर बिलासपुर और सरगुजा संभाग में ज्यादातर जगहों पर बारिश शुरू हो गई है। दो दिन में पूरे छत्तीसगढ़ में मानसूनी हवा फैल गई है। वहीं, छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून के देरी से आने के कारण जून में कोटे की बारिश करीब 71 फीसदी तक कम हुई है। 24 जून तक राज्य में 126.9 मिमी बारिश होनी चाहिए। अभी सिर्फ 37.2 मिमी बारिश हुई है। इसका असर कृषि पर हुआ है। 10 से 15 जून तक मानसून की बारिश शुरू होने पर खेतों में बुआई का काम शुरू हो जाता है। इस साल 15 दिन की देरी हो गई है।

दक्षिण-पश्चिम हवा बस्तर से रायपुर होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और सरगुजा संभाग तक पहुंच गई है। राज्य के कई हिस्सों में अच्छी वर्षा हुई। बादल और बारिश की वजह से पिछले करीब तीन हफ्ते से चल रही तेज गर्मी कम हुई और राहत महसूस होने लगी है। दिन का तापमान सामान्य के बराबर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने रविवार को रायपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी दी है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी।





### गरियाबंद मेंस बसे ज्यादा बारिश

पिछले 24 घंटे के दौरान गरियाबंद में सबसे ज्यादा 100 मिमी बारिश हुई। मनेंद्रगढ़ में 90, मैनपुर में 70 तथा सोनहत, राजपुर, देवभोग, तोकापाल, सूरजपुर, ओड़गी, मनोरा, बगीचा, कोंडागांव, प्रतापपुर, भैयाथान, कटेकल्याण, नगरी, बेरला, बड़े राजपुर, कुनकुरी, दरभा आदि इलाकों में 50 से 10 मिमी तक वर्षा हुई। शनिवार को दिन में अंबिकापुर में करीब 18 मिमी बारिश हुई।

### खराब मौसम के कारण सीएम का बस्तर दौरा टला

खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बस्तर दौरा अचानक रद्द हो गया है। रविवार को सीएम बघेल को सुकमा और जगदलपुर जाना था। लेकिन बारिश और खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री का बस्तर दौरा रद्द करना पड़ा। इसके बाद सीएम बघेल ने दोनों जगह के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जगदलपुर के गोंचा पर्व में शामिल होना था, वहीं सुकमा में भी वे एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे।

# रेल हादसाः मेंटेनेंस ट्रेन से मालगाड़ी की टक्कर, दुर्घटना इतनी गंभीर कि पलट गए इंजन, घटना के बाद 14 ट्रेनें हुई रद्द



**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के बांकुरा में रविवार सुबह बड़ी रेल दुर्घटना हुई। यहां के ओंडा रेलवे स्टेशन के करीब दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी गंभीर थी कि दोनों मालगाड़ियों के इंजन न सिर्फ पटरी से उतर गए, बल्कि वहीं पलट गए। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें रेलवे ट्रैक और मालगाड़ियों को हुए भारी नुकसान को देखा जा सकता है। इस घटना के बाद खड़गपुर-बांकुरा-आद्रा रेल लाइन को बंद कर दिया गया है। फिलहाल इस घटना में कितना नुकसान हुआ है और कितने हताहत हुए हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

इस घटना के बाद खड़गपुर-आद्रा के बीच चलने वाली 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, वहीं तीन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, जबकि दो के स्टेशनों में बदलाव किया गया है।

### कैसे हुई यह घटना?

दक्षिण-पूर्व रेलवे ने बताया कि रेलवे की मेंटेनेंस ट्रेन ओंडाग्राम स्टेशन जा रही थी। इस बीच मालगाड़ी लाल सिग्नल को भी पार कर गई और रुकी नहीं। इसकी टक्कर बीआरएन मेंटेनेंस ट्रेन से हो गई। सुबह 4.05 बजे मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। घटनास्थल पर रेलवे कर्मियों की एक टीम भेज दी गई है और पटरियों की मरम्मत जारी है। सुबह पौने आठ बजे तक अप मेल लाइन और अप लूप लाइन को चालू कर लिया गया।

# कोरबा में फूल तोड़ने गए बाइक सवार पर गिरी 11 केवी लाइन, मौके पर मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां फूल तोड़ने नर्सरी पहुंचे एक शख्स पर 11 केवी लाइन का तार गिर गया। तार गिरने से वह बुरी तरह से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शख्स के ऊपर इस तरह से 11 केवी की लाइन का गिरने का नजारा आसपास के ग्रामीणों ने देखा और पुलिस व विद्युत विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को पीएम के लिए रवाना किया।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा कोरबा के करतला थाना क्षेत्र का है। सेंद्रीपाली निवासी ताराचंद अग्रवाल व्यापारी है और रोज व पूजा के लिए फूल तोड़ने नर्सरी जाता है। रोज की तरह ही रविवार की सुबह भी वह फूल तोड़ने के लिए नर्सरी की ओर निकला था। इस दौरान रास्ते में 11 केवी लाइन की तार उस पर गिर गई। तार के गिरते ही वह करंट लगने से छटपटाने लगा और बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

आसपास के लोगों ने हादसा होते देखा और पुलिस व बिजली विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। इधर बिजली विभाग ने टूटे तार को ठीक करने बिजली बंद कर काम शुरू कर दिया है। 11 केवी लाइन का तार कैसे गिरा अब इसकी विभागीय जांच की जाएगी। वहीं लोगों का कहना है कि यह पूरी तरह से बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। बारिश से पहले लाइन की जांच की जानी चाहिए। शहर के बीच से कई जगह 11 केवी लाइन निकाली गई है और कई जगह इसके गिरने का खतरा भी है।

# विधायक प्रतिनिधि के दुकान से लाखों के जेवर पार, सीसी टीवी फुटेज में दिखे चार संदेही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में विधायक प्रतिनिधि की ज्वेलरी दुकान से लाखों की चोरी हो गई। चोरी की यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को हुई। रोज की तरह रात को दुकान बंद कर जाने के बाद सुबह जब दुकान पहुंचे और शटर का ताला टूटा हुआ था। संचालक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू दी है। पुलिस को सीसी टीवी फुटेज में चार संदेही दिखाई दिए हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के अर्जुंदा नगर स्थित बाफना ज्वेलर्स में बीती रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर पर कर दिए। बाफना ज्वेलर्स के संचालक राजेश बाफना हैं जो कि गुंडरदेही विधायक और संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद के जिला पंचायत बालोद में प्रतिनिधि है। रविवार की सुबह राजेश बाफना को चोरी की जानकारी हुई। लोगों ने उन्हें बताया कि दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ है। इसे बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी।




### गणना के बाद ही वास्तविक आंकड़ा का पता चलेगा, जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच में पाया कि चोर दुकान से कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। वहीं राजेश बाफना ने जांच के बाद लाखों की ज्वेलरी की चोरी का अनुमान लगाया है। पुलिस ने आसपास के अन्य सीसी टीवी फुटेज जांचे जिसमें चार संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। अर्जुंदा थाना प्रभारी शिशिर पांडे ने बताया कि अभी चोरी के एग्जेक्ट फिगर का आंकलन करना मुश्किल है। चोर सोने व चांदी के जेवर चुरा ले गए हैं। गणना के बाद ही वास्तविक आंकड़ा सामने आएगा। आसपास के सीसी टीवी फुटेज में संदिग्ध नजर आए हैं जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# केन्द्रीय कारगार में पोर्न की शूटिंग

श्रीकंचनपथ




अंबिकापुर सेन्ट्रल जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप हैं कि यहां महिलाओं को सम्मान और पर्याप्त भोजन के लिए महिला जेलर और मुख्य प्रहरी को पैसे देने पड़ते हैं। कोई नई बात नहीं है। जेल में सुविधाओं के लिए पैसों का लेन-देन छोटी जेलों से लेकर तिहाड़ तक बराबर होता है। कैदियों के लिए घर वाले भी खाने-पीने की चीजें लेकर आते हैं पर कैदी उसे खा भी पाएगा या नहीं, यह जेल प्रशासन पर निर्भर करता है। कैदियों को कैदियों से पिटवा देना, उन्हें भूखा रखना, उन्हें सोने नहीं देना जैसी घटनाएं आम होती हैं। पर अंबिकापुर सेन्ट्रल जेल प्रशासन पर जो आरोप लगे हैं वो दिलचस्प हैं। बंदी के परिजनों के हवाले से एक अधिवक्ता ने राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, गृह विभाग के सचिव, जेल विभाग के महानिदेशक, सरगुजा कलेक्टर और केंद्रीय जेल के अधीक्षक से लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि समय पर पैसा नहीं देने वाले कैदियों को महिला बंदी नंबरदार निर्वस्त्र कर देती हैं। इसके बाद उनके साथ गंदी हरकत की जाती है। महिला जेलर अपने मोबाइल पर उनका वीडियो बनाती है। इस वीडियो को विरोधी पक्ष को भेजने की धमकी दी जाती है। उन्हें भूखा रखा जाता है। वैसे भी अंतरराष्ट्रीय शोध बताते हैं कि कैदियों के साथ रहते-रहते जेल कर्मियों और अधिकारियों की मानसिकता विकृत हो जाती है। जेल में वैसे भी या तो सजा काट रहे अपराधी होते हैं या फिर विचाराधीन बंदी। इन्हीं में से कुछ लोगों को चुनकर नंबरदार बनाया जाता है। जेल में कैदियों की रैगिंग, मारपीट, यहां तक कि हत्या कर देने के भी सैकड़ों उदाहरण मिल जाएंगे। यह सब जेल प्रशासन के इशारे पर या फिर उसकी मर्जी से होता है। पर इस बार जो मामला सामने आया, वह थोड़ी भिन्न प्रकृति का है। जेल में यौन शोषण कैदी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए किया जा सकता है। यह यौन विकृति को तृप्त करने के लिए भी हो सकता है। पर तीसरी बड़ी संभावना पोर्न इंडस्ट्री से कमाई की बनती है। ऐसे वीडियोज की देश-विदेश में अच्छी खासी मांग है। वजह चाहे जो भी हो, शिकायत मिलते ही जेल प्रशासन को जांच शुरू कर देनी थी। जेल के अंदर क्या होता है, इसमें बहुत कम लोगों की रुचि होती है। पर खबर मसालेदार हो तो हर कोई हकीकत जानना चाहता है। ऐसे में जेल प्रशासन का यह कहना कि किसी को शिकायत है तो वह सामने आए, किसी को भी हजम नहीं होगा। वैसे प्रशासन ने यह भी कहा कि जेल में मोबाइल फोन सभी के लिए प्रतिबंधित है। भई! यह तो कोई जवाब नहीं हुआ। अगर स्त्री को मां, बहन, बेटी, आदि मानते हो तो शिकायत पर तत्काल जांच शुरू कर देनी चाहिए। कैदी बयान देंगे नहीं। देंगे भी तो उनकी सुनेगा कौन? मोबाइल भी गायब हो जाएगा। फिर इस अड़ियलपन का क्या मतलब?




## संपादकीय

### रिश्तों को ऊंचाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की हालिया राजकीय यात्रा को इस मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि इससे उद्योग व व्यापारिक रिश्तों को नये आयाम मिले हैं। दोनों देशों को एक-दूसरे की जरूरत का पता इस बात से चलता है कि पिछले एक दशक में दोनों देशों का व्यापार दुगना और चीन से ज्यादा हो गया है। जो न केवल दोनों देशों बल्कि वैश्विक आर्थिकी के भी अनुकूल है। दरअसल, अमेरिकी मदद से दोस्त से दानव बन अमेरिका को चुनौती दे रहे चीन का विकल्प अमेरिका भारत के रूप में देखता है। यही वजह है कि कुछ मतभेदों के बावजूद अमेरिका भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखता है। इस यात्रा को इस नजरिये से भी कामयाब माना जा सकता है कि जनरल इलेक्ट्रिक तथा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के मध्य भारत में एफ414 जेट इंजन निर्माण को लेकर समझौता अंजाम तक पहुंचा है। इन इंजनों का इस्तेमाल स्वदेशी व महत्वाकांक्षी तेजस युद्धक विमानों में किया जा सकेगा। वहीं चीन व पाक सीमा की चौकसी के लिये उन्नत किस्म के ड्रोन हासिल करने के लिये जनरल एटॉमिक्स के साथ करार पर हस्ताक्षर हुए हैं। निस्संदेह, मिसाइल ले जाने में सक्षम इन ड्रोन से चीन से लगती सीमा की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला किया जा सकेगा। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण समझौता सेमीकंडक्टर संयोजन व टेस्टिंग सुविधा को लेकर होना है, जिसमें अमेरिकी कंपनी सवा आठ सौ मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। निस्संदेह, ये समझौते दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नये आयाम देंगे। साथ ही भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ेगा और रोजगार के तमाम नये अवसर सृजित किये जा सकेंगे। प्रधानमंत्री से अमेरिका यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में अमेरिकी कारोबारियों, दुनिया की कई नामी कंपनियों के सीईओ की मुलाकात बताती है कि अमेरिका भारत को बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में देखता है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों की यात्रा का मील का पत्थर बता रहे हैं। जिससे तकनीकी साझेदारी को नये आयाम मिलेंगे। वैसे अमेरिका एक विशुद्ध व्यापारी देश है और अपने आर्थिक हितों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकता है। ऐसे वक्त में जब अमेरिका में यह धारणा बलवती हुई है कि अमेरिका की मदद से ही चीन दुनिया में नंबर एक निर्यातक देश बना है। यानी दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिका के लिये चुनौती बन गया है। अमेरिका के एक वर्ग में यह चिंता है कि कहीं भारत भी अमेरिका के लिये चुनौती न बन जाये। हकीकत यह है कि भारत की हमेशा से नीति घरेलू विकास को तरजीह देने की रही है। यह स्थिति कम से कम आने वाले कुछ दशकों में बदलती नजर नहीं आ रही है। दूसरे, भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक मूल्यों में सदा से विश्वास करता रहा है। वैसे यह भी हकीकत है कि उथल-पुथल के दौर से गुजर रही वैश्विक व्यवस्था में अमेरिका भरोसेमंद साथियों की तलाश में है। दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश भारत से ज्यादा मुफीद देश कोई दूसरा हो ही नहीं सकता जो अमेरिका के आर्थिक हितों को साधने में सहायक हो। देश में तेजी से हो रहे विकास का ही परिणाम है कि भारत आज ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ऐसे में विश्वास जताया जा रहा है कि कई तरह के मतभेदों के बावजूद दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों को नये आयाम मिलेंगे। दरअसल, दोनों देश अपने आर्थिक व राजनीतिक हितों को लेकर संरक्षणवाद का सहारा लेते रहे हैं। इसके बावजूद विश्वास जताया जा रहा है कि दोनों देश किसी सीमा तक विवादों को टालने में सक्षम हो सकते हैं। इसके बावजूद कई अंतर्राष्ट्रीय मामलों में नीतियों को लेकर दोनों देशों में कतिपय मामलों में मतभेद रहे हैं। बहरहाल, इसे एक नई शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए। वह भी तब जब हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश हैं और बेरोजगारी की दर एक चुनौती बनी हुई है।

> “ प्रधानमंत्री से अमेरिका यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में अमेरिकी कारोबारियों, दुनिया की कई नामी कंपनियों के सीईओ की मुलाकात बताती है कि अमेरिका भारत को बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में देखता है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों की यात्रा का मील का पत्थर बता रहे हैं। जिससे तकनीकी साझेदारी को नये आयाम मिलेंगे। वैसे अमेरिका एक विशुद्ध व्यापारी देश है और अपने आर्थिक हितों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकता है। ऐसे वक्त में जब अमेरिका में यह धारणा बलवती हुई है कि अमेरिका की मदद से ही चीन दुनिया में नंबर एक निर्यातक देश बना है। यानी दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिका के लिये चुनौती बन गया है।

## पश्चिम बंगाल में हिंसक पंचायत चुनाव

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान जारी हिंसा राज्य की राजनीतिक संस्कृति का आइना है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता उनके उम्मीदवारों को बल प्रयोग द्वारा नामांकन दाखिल करने से रोक रहे हैं। बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन भी तीन लोगों की हत्या हुई। आठ जुलाई को मतदान होना है। चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही हिंसक घटनाओं को देखते हुये भाजपा ने नामांकन की समय सीमा को आगे बढ़ाने तथा संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में जनहित याचिकाएं लगाई थीं। अदालत ने उन संवेदनशील स्थानों पर केन्द्रीय सुरक्षा बलों को तैनात करने का आदेश दिया जहां राज्य पुलिस पर्याप्त संख्या में नहीं है। लेकिन उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ ने राज्य चुनाव आयोग को पर्चा दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्देश देने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि पर्चा दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने का फैसला राज्य चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। प. बंगाल में चुनावों के दौरान हिंसा एक राजनीतिक संस्कृति बन चुकी है। सीपीएम के शासन काल में भी चुनावी हिंसा जोरों पर थी। बीते बुधवार को भी नामांकन दाखिल करने के दौरान दक्षिण 24 परगना और वांकुड़ा जिलों में तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर बम फेंके। लेकिन अफसोस की बात यह है कि राज्य की पुलिस मूकदर्शन वनी रही। भाजपा ने नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन हिंसा और केन्द्रीय वलों की तैनाती के मामले को लेकर अदालत के आदेश का पालन नहीं करने पर उच्च न्यायालय का रुख किया है। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं का आरोप है कि 2018 के पंचायत चुनाव और 2022 के नगर पालिका चुनाव में भी जमकर हिंसा हुई थी। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। इससे पहले जव राज्य में सीपीएम सरकार थी तव ममता सीपीएम के नेतृत्व पर राजनीति का अपराधीकरण का आरोप लगाया करती थीं। अव उनसे भी सवाल पूछा जाना चाहिये कि आपके शासनकाल में भी चुनावी हिंसा बदस्तूर जारी है और आपने हिंसा की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव लाने के लिए क्या कदम उठाया है।

> “ अमेरिका संसार का सबसे ताकतवर और हम सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यह कहना आसान है कि विश्व के बदलते 'जियो पॉलिटिकल' परिदृश्य में अमेरिका को भारत की और भारत को अमेरिका की जरूरत है। ये रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों ने नहीं, बल्कि वक्त की जरूरतों ने तय किए हैं, पर क्या अफगानिस्तान या रूस से अमेरिका के ऐसे संबंधों की तुलना की जा सकती है? सिर्फ जरूरतें जज्बातों के अभाव में अच्छे रिश्ते नहीं रच सकतीं।

# विदेश में नए मानक गढ़ते मोदी

शशि शेखर

21 जून, 2015 और 21 जून, 2023 के बीच क्या फर्क है? आठ साल पहले जब योग दिवस के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया था, तब कुछ लोगों ने इसे एक सियासी 'शोमैन' का 'शो' बताकर हाथ झाड़ लिए थे। राजनीति, कूटनीति और सार्वजनिक जीवन में ऐसी 'शोमैनशिप' की कितनी अहमियत होती है, इसका नजारा इस वर्ष की इसी तारीख को न्यूयॉर्क में देखने को मिला।

उस दिन संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय से सटे प्रांगण में मोदी ने 183 देशों के नुमाइंदों के साथ योगाभ्यास किया। यमुना किनारे बसी दिल्ली से हडसन के तीर पर स्थित इस प्रांगण तक की यात्रा निराली है। पहले के भारतीय प्रधानमंत्री अपने देश में राजनीति चमकाने के लिए विदेश का सहारा लेते थे। मोदी ने भारतीय अप्रवासियों और हिन्दुस्तानी परंपराओं के जरिये संसार के अन्य लोकतंत्रों की अंदरूनी राजनीति पर असर डालना शुरू कर दिया है। इस ताकत को आज तक उनके किसी पूर्ववर्ती ने नहीं पहचाना था।

इसके आसार तभी दिखने लगे थे, जब 22 सितंबर, 2019 को अमेरिका के टेक्सास में 'हाउडी मोदी' का आयोजन किया गया था। बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति में हजारों भारतीयों को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री ने पहली बार समूची दुनिया को जताया था कि यह भारतीय आकांक्षाओं की उड़ान के दिन हैं। मोदी जानते थे, अमेरिका में अप्रवासी भारतीयों की संख्या 45 लाख के करीब है। ये लोग वहां के सियासी, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में अहम भागीदारी निभाते हैं। यही वजह है कि पहले ट्रंप और अब बाइडन मोदी के जरिये इन मतदाताओं में अपनी दखल और मजबूत बनाने की इच्छा जताते हैं। लोकतंत्र में मतदाता और उनके मतदान से महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं। इस नाते भारत और भारतवंशी अमेरिका सहित तमाम ताकतवर पश्चिमी देशों के लिए महत्वपूर्ण बनते जा रहे हैं। अफ्रीका में भारतीय-अप्रवासी पहले से काफी मजबूत थे।



अमेरिका संसार का सबसे ताकतवर और हम सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यह कहना आसान है कि विश्व के बदलते 'जियो पॉलिटिकल' परिदृश्य में अमेरिका को भारत की और भारत को अमेरिका की जरूरत है। ये रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों ने नहीं, बल्कि वक्त की जरूरतों ने तय किए हैं, पर क्या अफगानिस्तान या रूस से अमेरिका के ऐसे संबंधों की तुलना की जा सकती है? सिर्फ जरूरतें जज्बातों के अभाव में अच्छे रिश्ते नहीं रच सकतीं।

मैं यहां पाकिस्तान का उदाहरण देने की इजाजत चाहूंगा। हमने इस मुल्क से चार युद्ध लड़े। उसने अभी भी हम पर छाया युद्ध थोप रखा है और हर बरस अरबों रुपये व बेशकीमती इंसानी जीवन इस जंग में होम होते हैं। इसके बावजूद इस मुल्क से हमारे सामाजिक रिश्ते खत्म क्यों नहीं हुए? भाषा, आचार-व्यवहार, खान-पान और इंसान से इंसान की नातेदारी हमेशा कायम रहती है। इसी तरह, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड सहित तमाम देशों में भारतवंशियों ने जिस तरह अपनी स्थिति मजबूत की है, उससे नई दिल्ली की हुकूमत और उनके हुक्मरानों के बीच बातचीत आसान हो गई है।

पिछले सप्ताह मैं सिंगापुर और मलेशिया में था। पांच दिनों के इस संक्षिप्त प्रवास में मेरा चार दुभाषियों से वास्ता पड़ा। सिंगापुर में जो लोग साथ चले, वे चीनी मूल के थे। उन्होंने बार-बार जोर देकर कहा कि हमारे यहां नौ फीसदी से अधिक तमिल हैं और उनका हमारे देश में बड़ा योगदान है। वे बातचीत में बार-बार प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र ले आते थे। ऐसा पहले नहीं होता था। दरअसल, भारत या बाहर रहने वाले भारतवंशियों के मन में इस समय हिन्दुस्तान को लेकर गहरे आत्मविश्वास का भाव है। अगर भरोसा न हो, तो गुजरे गुरुवार की खबरें उठा देखिए। प्रधानमंत्री मोदी के योगाभ्यास के साथ दो खबरें और प्रमुखता से छपी थीं। भारतीय शेयर बाजार ने नया शिखर रचा था और सोने के भाव 360 रुपये गिर गए थे। पिछले तीन साल के आंकड़े गवाह हैं कि कोविड और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया है। महंगाई व बेरोजगारी के आंकड़ों के बावजूद भारतीय बाजार और खरीदार आत्मविश्वास से लबरेज हैं। याद करें। 2008 में लेहमन ब्रदर्स के क्षरण के साथ कैसा हाहाकार मचा था? तमाम लोगों को नौकरियां गंवानी पड़ी थीं। आशंकाएं थीं कि थमने का नाम नहीं लेती थीं। इन दिनों कोविड-19 के बाद भड़के रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोप को मंदी के मुंह में धकेल दिया है, पर भारतीय बाजारों में रौनक की वापसी हो गई है।

मलेशिया में स्थिति थोड़ी अलग है। क्वालालंपुर और मेकान में तमिल मूल के दुभाषिए मिले। मेकान में सागर नाम के गाइड ने रोचक किस्सा बताया। उन्होंने कहा कि एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा साथ-साथ आए थे। उस दौरान ओबामा ने प्रेस से बातचीत में कहा कि मोदी मुझसे ज्यादा ताकतवर और लोकप्रिय हैं। बहुतों ने इसे हंसी-ठिठोली मान लिया, लेकिन मलेशिया के तत्कालीन गृह मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस वक्तव्य के पीछे का मंतव्य पूछ लिया। ओबामा ने बताया कि मैं जिधर से गुजर रहा हूं, वहां मोदी के कट-आउट और तस्वीरें मिल रही हैं। मलेशिया के गृह मंत्री का जवाब था कि भारतीय मूल के लोगों ने अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिए ऐसा किया है। यही वह कारगर 'शोमैनशिप' है, जिसकी चर्चा मैंने शुरू में की थी।

कोई आश्चर्य नहीं कि कई अर्थशास्त्री आने वाले पंद्रह साल भारत के मानते हैं।

यकीनन, भारत और भारतीय मूल के लोगों ने यहां तक पहुंचने के लिए लंबी यात्रा तय की है। मुझे वे दिन आज भी याद हैं। वर्ष 1999 में भारतीय मूल के महेंद्र पाल चौधरी फिजी में प्रधानमंत्री चुन लिए गए थे। वह बड़ी मुश्किल से साल भर अपनी हुकूमत चला सके थे। अपनी सत्ता की पहली वर्षगांठ, यानी 19 मई के तुरंत बाद 27 मई, 2000 को उन्हें तथा उनके अधिकांश मंत्रियों को विपक्षी नेता जॉर्ज स्पेठ ने बागी फौजियों के साथ मिलकर बंदी बना लिया था। आप चाहें तो याद कर सकते हैं, तब तक आर्थिक उदारीकरण दुनिया में पैर फैला चुका था, पर भारतीयों को वाजिब सम्मान मिलना बाकी था।

यही वजह है कि जब ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुने गए, तो समूची दुनिया के भारतवंशियों को गर्व की अनुभूति हुई। जो देश 75 साल पहले हमें आर्थिक तौर पर कंगाल छोड़कर रुखसत हुआ था, उसकी बागडोर एक भारतवंशी के हाथ में है। आज दुनिया की शीर्ष 500 कंपनियों में से 25 के सीईओ भारतीय मूल के हैं। हर महाद्वीप की महत्वपूर्ण संसदों, मंत्रिमंडलों और महाकाय संस्थानों में भारतवंशियों का दखल है। जो 'इंडिया स्टोरी' कभी मनमोहन सिंह ने गढ़ी थी, उसे नई उड़ान देने का इससे बेहतर वक्त कोई नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस काम को बखूबी कर रहे हैं।

# सूरज की तीखी किरणों से कमाल रचता भारतीय

आर विग्नेश, कलाकार

यह दुनिया आठ अरब से भी अधिक लोगों की है, और इससे कई गुना ज्यादा दुख-सुख की! अजूबा यह है कि इसमें सुख की चर्चा लोग कम करते हैं, पर अपना दर्द, अपनी तकलीफ सबको दूसरों से बड़ी दिखती है। मगर इस विशाल जन-समुदाय में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अपनी पीड़ा, अपने दर्द को प्रेरणादायी मोड़ देकर एक नजीर बन जाते हैं। समाज उनसे जीने का सलीका सीखता है। तमिलनाडु के मयिलाडुतुरै में जन्मे आर विग्नेश ऐसे ही लोगों में हैं, जिनका जीवन-सफर जिंदगी से निराश लोगों को रास्ता दिखाता है।

आज से 32 साल पहले एक बेहद साधारण घर में विग्नेश पैदा हुए। पिता दर्जी का काम करते थे, जिससे पांच लोगों के परिवार का बमुश्किल गुजारा हो पाता था, मगर इस स्थिति में भी तमिलनाडु सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत विग्नेश की पढ़ाई में कभी व्यवधान नहीं आया। बचपन से गणित में दिलचस्पी ने उन्हें अपनी कक्षा में हमेशा पहली कतार में रखा। वह पढ़ते गए, बढ़ते गए और साल 2010 में वह मोड़ भी आया, जब उनके हाथों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की डिग्री थी।

जाहिर है, उन्हें नौकरी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ा। विग्नेश ने एक ब्रॉडबैंड कंपनी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। ऐसा लगने लगा था कि अभावों और तकलीफों से स्थायी मुक्ति के दिन आ गए हैं। मगर मुसीबतें कब किसी को बताकर आती हैं? विग्नेश को काम के सिलसिले में दूर-दूर तक जाना पड़ता और घंटों खड़े रहना होता था। साल 2016 में उनकी पीठ में तेज दर्द उठा, पर तब उन्होंने इसे देर तक खड़े रहने का नतीजा मानकर अनदेखा कर दिया। पिता लकवाग्रस्त हो बिस्तर से लग चुके थे, ऐसे में रह-रहकर होने वाले पीठ दर्द को अहमियत देने के मुकाबले घर की जिम्मेदारियां ज्यादा बड़ी हो चुकी थीं।



शरीर की पीड़ा से विग्नेश किसी तरह लड़ते जा रहे थे, मगर इसी बीच उनकी मां चल बसीं। मां की मृत्यु ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। एक साल के अंदर ही उनकी शारीरिक हालत इतनी खराब हो गई कि उनके लिए कुछ कदम चल पाना भी मुश्किल हो गया। डॉक्टर ने विग्नेश को एक महीने तक बिस्तर से उठने से साफमना कर दिया। अकेलेपन का ऐसा मर्मांतक एहसास उन्हें पहले कभी नहीं हुआ था। बहन की शादी हो चुकी थी और वह अपने घर में थी। भाई को भी किसी अन्य जगह ड्राइवरी की नौकरी मिली थी, इसलिए उसे भी जाना पड़ा।

विग्नेश के मन में तरह-तरह के बुरे ख्याल आने लगे थे। अपनों की उपेक्षा से निराशा दिन-ब-दिन और गहराती जा रही थी। मगर इन्हीं दिनों में उन्हें बचपन का एक शौक याद आया। वह अक्सर 'मैग्निफाइंग ग्लास' से तेज धूप में कागज जलाया करते थे। बिस्तर पर पड़े-पड़े उन्होंने दुनिया के मशहूर अमेरिकी 'सनलाइट आर्टस्टि' माइकल पापादाकिस के यू-ट्यूब पर उपलब्ध तमाम वीडियो देख डाले। इस कला की बारीकियों को समझने के लिए उन्होंने पापादाकिस के एक-एक वीडियो को दस-दस बार देखा। सनलाइट पेंटिंग की इस अनूठी कला ने एक इंजीनियर के अंदर सोए विलक्षण कलाकार को जैसे सोते से जगा दिया। विग्नेश को अपने भीतर की निराशा से लड़ने का ताकतवर हथियार मिल गया।

सेहत जब संभली, तो वह मैग्निफाइंग ग्लास लेकर कुछ रचने की कोशिश करने लगे। मगर सनलाइट पेंटिंग कोई आसान विधा नहीं है। इसमें किसी आरामदेह जगह पर रंगों और कूची से कैनवाश पर कुछ रचना नहीं होता, बल्कि मैग्निफाइंग शीशे से लकड़ी पर सूर्य-किरणों की आग के सहारे आकृति बनानी पड़ती है। इसके लिए घंटों चिलचिलाती धूप में बैठना पड़ता है। इतना धैर्य सबके वश की बात नहीं। मगर विग्नेश अपनी जिंदगी में इतना कुछ झेल चुके थे कि उन्हें धैर्यवान होना ही था। उन्हें बस अब तेज धूप का इंतजार रहने लगा। कड़कती धूप में घंटों के अभ्यास ने उन्हें हिन्दुस्तान ही नहीं, दक्षिण एशिया का पहला सनलाइट पेंटर बना दिया।

सबसे पहले विग्नेश ने अपने दस्तखत की पेंटिंग बनाई। और उसके बाद उन्होंने पेरियार व करुणानिधि जैसे बड़े नेताओं, मशहूर फिल्मी व खेल हस्तियों के अलावा कुदरती चीजों की पेंटिंग बनाई। कोविड महामारी जब अपने चरम पर थी, और लोग सोशल मीडिया पर सर्वाधिक सक्रिय हो उठे थे, उन्हीं दिनों में विग्नेश की पेंटिंग वायरल हुई। दरअसल, मशहूर बहुराष्ट्रीय कंपनी टेस्ला ने विग्नेश द्वारा रचित 'लोगो' को अपने ट्विटर हैंडल से साझा किया था, जिसके बाद हर कोने से विग्नेश के पास अनुरोध आने लगे।

विग्नेश ने निराशा से उबरने के लिए कला की यह राह अपनाई थी, और वह उस निराशा से बाहर भी निकले। वह इस कला में ऐसे रमे कि फिर इससे कभी मुंह नहीं मोड़ा। आज यह उनका लहलहाता हुआ करियर है। वह एक पेंटिंग बनाने के लिए 65 हजार से एक लाख रुपये शुल्क लेते हैं। जो रिश्तेदार उन्हें कभी कोसा करते थे कि 'वक्त बर्बाद कर रहे हो', वे आज अपने पड़ोसियों-परिचितों में विग्नेश को अपना बताकर गर्वान्वित महसूस करते हैं। जाहिर है, इन सबसे उन्हें काफी सुकून मिलता है। विग्नेश द्वारा बनाई गई क्रिकेटर विराट कोहली की सनलाइट पेंटिंग वायरल हो चुकी है।

उनके पास आज न काम की कमी है और न पहचान की। उनकी सनलाइट पेंटिंग्स कनाडा, सिंगापुर जैसे देशों तक पहुंच रही हैं। इस आधुनिक एकलव्य की बस अब एक ही साध है कि माइकल पापादाकिस का किसी दिन बुलावा आए और वह उनसे मिल सकें। विग्नेश इस कला विधा के भारतीय स्कूल हैं और जल्द ही इसमें रुचि रखने वाले छात्रों को यह बताते दिखेंगे कि लकड़ी के कैनवाश पर सूरज की किरणों से कैसे कमाल रचा जाता है!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# अपमान के विरुद्ध गूंजा वंदे मातरम

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, प्रसिद्ध साहित्यकार

बहुत मजबूरी के दिन थे। भारत में भी अंग्रेजों का यह गीत लोग गाने लगे थे, 'भगवान हमारे दयालु राजा को बचाएं! / हमारे महान राजा अमर रहें!/ उसे विजयी बनाकर भेजें/ खुश और गौरवशाली/ हम पर लंबे समय तक शासन के लिए/ भगवान राजा को बचाएं।' गीत में गुलामी का वास था। अंग्रेज इस गीत को पूरी दुनिया में पूरे भक्ति भाव से गाते और गवाते थे। गॉड सेव द किंग...। अंग्रेजों की सेवा में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों-सेवकों को भी यह गीत गाना ही पड़ता था।

कोलकाता के पास नैहाती के एक बंगाली परिवार के पिता भी ब्रिटिश राज्य के अधिकारी थे और पुत्र भी पंद्रह साल से सेवा में लगे थे। पढ़ने-लिखने में परिवार खूब तेज था, जैसी बांग्ला, वैसी ही संस्कृत और उससे भी बेहतर अंग्रेजी। नौकरी में रहते हुए ही पुत्र ने अंग्रेजी और बांग्ला में तीन से अधिक उपन्यास रच दिए थे। नौकरी पूरी ईमानदारी से करते थे और उसके बाद साहित्य-संस्कृति के संसार में उतर जाते थे।



उस दिन शाम वह दफ्तर से निकले थे और कहारों से कहा था, 'घर चलो। कहारों ने पालकी कंधों पर उठा ली थी और चल पड़े थे कि बाबू साहब को जल्दी घर पहुंचा देना है। अपने-अपने घर पहुंचने की कहारों को भी जल्दी थी। उन्होंने लंबा रास्ता छोड़ा और मैदान वाला रास्ता पकड़ा। बेरहामपुर बैरक के मैदान पर उस दिन अंग्रेज क्रिकेट खेल रहे थे। मैदान के एक किनारे से जब पालकी गुजरने लगी, तब एक अंग्रेज सैन्य अफसर भड़ककर सामने आ खड़ा हुआ। कहार सन्न रह गए। अंग्रेज ने बाबू साहब को पालकी से नीचे खींच उतारा। न काम पूछा न नाम, न कोई सवाल-जवाब। सीधे हाथ उठा दिया। बाबू साहब जमीन पर थे और अंग्रेज चीख रहा था, 'तुमने हमारा खेल खराब कर दिया।' औचक अपमान से बाबू साहब की आंखें भर आईं, उन्होंने बहुत हिम्मत कर नजरों को उठाया, तो कुछ दूर कई अंग्रेज अफसर, जज, भारतीय अधिकारी देख रहे थे। किसी ने कुछ नहीं कहा, अंग्रेज मुक्के बरसाने के बाद भी शांत नहीं था। ऐसी हिमाकत, एक गुलाम काला आदमी ब्रिटिश अधिकारियों का खेल खराब करेगा?

हकबकाए कहार जल्दी-जल्दी पालकी मैदान से बाहर ले गए, पर बाबू साहब का अपमान वहीं सरे-मैदान रह गया। नजर उठाए न उठे, दिल ऐसे बैठने लगा, मानो उससे सारी हसरत ही छीन ली गई हो। दिसंबर का वह दिन ढल गया था, ठंडी रात चढ़ चली थी, पर अपमान का ताप उतरने को तैयार न था। ऐसा लगता था कि शरीर पर अपमान की एक स्याह मोटी परत चढ़ गई हो। पालकी, मैदान, अपमान, लात-घूसे को कैसे भुला दिया जाए? बार-बार वही दृश्य धिक्कारने लगता था। उन्होंने ठान लिया कि इस अपमान को ऐसे ही नहीं जाने देंगे।

दूसरे ही दिन कस्बे में खबर आग की तरह फैल गई, डिप्टी कलेक्टर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने अदालत में कर्नल डफिन के खिलाफ मुकदमा ठोक दिया है। अंग्रेजों को लगा था, पहले की तरह ही कोई भी गवाह बनने की हिम्मत नहीं करेगा और मामला रफा-दफा हो जाएगा, पर यहां तो सौभाग्य से कुछ गवाह खड़े हो गए। कर्नल डफिन को सजा तय दिखने लगी। सजा से बचने के लिए वह खुली अदालत में माफी मांगने को तैयार हो गया। बंकिम बाबू भी यही चाहते थे कि दोषी अंग्रेज सबके सामने हाथ जोड़ने के लिए मजबूर हो जाए। यही हुआ।

अपमान एक सम्मान में बदल गया, पर हृदय के कुछ घाव होते हैं, जो मरहम के बावजूद टिसते रह जाते हैं। ऐसे ही घाव ने बंकिम बाबू को प्रेरित किया कि जो उनके साथ हुआ, वह और किसी के साथ न हो। भारतीयों के मन में मान-स्वाभिमान जागे और वे रोजमर्रा के अपमान के विरुद्ध उठ खड़े हों। इस सोच ने एक रोमांटिक उपन्यासकार को राष्ट्र निर्माता में बदल दिया। अपमान और सम्मान के उन्हीं दिनों में साहित्य में राहत की खोज साकार हुई। गुलामी में जकड़ी मातृभूमि के प्रति भक्ति तरल होकर शब्दों में बह चली – सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम् सस्य श्यामलाम् मातरम् . .वंदे मातरम् ...।

यह गीत रक्त में उबाल लाने वाला मंत्र बन गया। बंगाल में एक आंदोलन बनकर देश भर में फैल गया। जब यह देश स्वाधीन हुआ, तब सबसे पहले यही गीत गाया गया। यह भारतीयों का परम प्रिय आधिकारिक राष्ट्रीय गीत बन गया।

26 जून को जन्मे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय (1838-1894) और संत रामकृष्ण परमहंस के बीच बहुत स्नेह था। बताते हैं कि एक बार परमहंस जी ने मजाक में बंकिम बाबू से पूछा था, 'तुम्हारा नाम बंकिम है, तो तुम्हें किसने झुकाया या टेढ़ा किया।' तब बंकिम बाबू ने मुस्कराते हुए जवाब दिया, 'था एक अंग्रेज और उसके जूते वाली लात थी।'

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे 23 जोड़े

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित सामूहिक विवाह में 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिसमें 19 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज से विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ, वहीं 4 जोड़ों का बौद्ध रीति से विवाह हुआ। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री धनेश पाटिला सहित अन्य अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। योजनांतर्गत अतिथियों द्वारा वर-वधुओं को चेक एवं उपहार सामग्री दी गई। विवाह स्थल में ही मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत सभी 23 जोड़े का आवश्यक दस्तावेज लेकर विवाह पंजीयन का कार्य किया गया। विवाह समारोह में अधिकारी, कर्मचारी एवं परिजनों ने बारात में शामिल होकर खूब आनंद लिया। बारात ठाकुर प्यारेलाल चौक से सतनाम भवन तक आयी। बारात में सभी खुशी से झूम उठे एवं फ्टाखे भी फेड़े। ठाकुर प्यारेलाल चौक में स्थित मंदिर में सभी दूल्हों ने भगवान से आशीर्वाद लिया। कन्याओं को तैयार करने हेतु अलीशा ब्यूटी पार्लर द्वारा नि:शुल्क सेवा दी गई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं परिजनों के लिए नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला महिला बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, पार्षद श्रीमती पिंकी साहू एवं श्रीमती शकीला बेगम, अधिकारी, कर्मचारी, परिजन, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले स्कूल के प्राचार्यो को किया गया सम्मानित

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम सम्मान समारोह में जिले के कक्षा 10वीं से 90 प्रतिशत से अधिक और कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत से अधिक लाने वाले स्कूल के 44 प्राचार्यों तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मायाराम सुरजन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में किया गया। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने सम्मानित होने वाले समस्त प्रचार्यों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि किसी देश-प्रदेश की साख शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। जब भी हम अपने प्रदेश के बाहर जाते है तो हमारे शिक्षा के स्तर पर चर्चा होती है। इस स्तर और गुणवत्ता को श्रेष्ठ बनाए रखने का जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधो पर रहती है। यह जिम्मेदारी हमारे शिक्षक बखुबी निभा रहे है। हमारे स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के मेहनत और लगन से जिले का परिणाम इतना बेहतर आया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद शिक्षा के स्तर में कमी आई थी।

### एक कॉल पर सुविधा मिलने से जताया संतोष

# मुख्यमंत्री के घर पहुंचे मितान ने किया उनके पौत्र का आधार पंजीयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ उठाया। उन्होंने अपने पोते का आधार कार्ड बनवाने के लिए मितान के टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर आधार कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। जिसके बाद मुख्यमंत्री के घर मितान प्रतिनिधि जरूरी प्रक्रिया करने पहुंचे और पोते का आधार कार्ड के लिए पंजीयन किया। मुख्यमंत्री ने सुविधा मिलने से संतोष जताया है।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए घर बैठे प्रमाण पत्र तथा आवश्यक शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए प्रदेश की 14 नगरनिगमों में लागू ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' का विस्तार करते हुए इसे प्रदेश की सभी 44 नगर पालिकाओं में लागू करने का बड़ा निर्णय लिया है। इस योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 01 मई 2022 से लागू इस योजना का लाभ अब तक 97 हजार से अधिक नागरिक उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के लागू होने के बाद से नागरिकों को जरूरी प्रमाण पत्र और शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए नगर निगम, तहसील तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के आवश्यकता नहीं रह गई है।

योजना के लागू होने से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को काफी सहूलियत हो गई है। मितान योजना के अंतर्गत घर बैठे मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, नया राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड ट्रांसफर/सरेंडर, राशन कार्ड सुधार, नया राशन कार्ड एपीएल, राशन कार्ड गुम केस, राशन कार्ड में नाम जोड़ना/काटना, नया बीपीएल राशन कार्ड बनाने की सुविधा इस योजना के तहत प्रदान की जा रही है।

नागरिकों को मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये योजना के टोल-फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होता है। इसके बाद अप्वाइंटमेंट बुक किया जाता है। तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं और टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का मोर रायपुर दर्शन सोमवार को

### स्पेशल बस में नि:शुल्क भ्रमण कर देखेंगे शहर विकास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी मिशन की 8 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मोर रायपुर दर्शन में शामिल होकर नागरिक रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की परियोजनाओं से अवगत होंगे। यह विशेष आयोजन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा 26 जून को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न संगठनों के साथ ही सीनियर सिटीजन, दिव्यांगजन, युवा व शहरवासी सम्मिलित होंगे।

मोर रायपुर दर्शन की शुरुआत सुबह 10 बजे सदर बाजार सिटी कोतवाली परिसर में स्थित रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्यालय से होगी, जहां छठवीं मंजिल के व्यू प्वाइंट से आम नागरिक शहर के विहंगम दृश्य का अवलोकन करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जे.आर. दानी स्कूल, हेरिटेज वॉक रूट, कंकाली तालाब, ऐतिहासिक आनंद समाज वाचनालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित आर.डी. तिवारी स्कूल के नव निर्मित भवन, प्रतियोगी परीक्षाओं में जुटे युवाओं के लिए बने नालंदा परिसर, शहर के यातायात प्रबंधन व सर्विलेंस की अतिआधुनिक प्रणाली दक्ष कमांड सेंटर, शहीद स्मारक सभागार, नंदकुमार पटेल चौक के समीप ऑक्सीजोन, घड़ी चौक, छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा स्थल एवं मल्टीलेवल पार्किंग आदि का अवलोकन नागरिक करेंगे।तालाबों व उद्यानों के संरक्षण व संवर्धन के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा पूरी की गई परियोजनाओं का भ्रमण भी विशेष बस के माध्यम से होगा। इसके अंतर्गत इंद्रावती कॉलोनी गार्डन, तेलीबांधा तालाब, बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर, एस.टी.पी., डबरी तालाब, हल्का तालाब, आरछी तालाब में किए गए सौंदर्यीकरण कार्य से भ्रमण दल अवगत होंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा भ्रमण के इच्छुक आम नागरिकों व संस्थाओं से 25 जून 2023 दोपहर 03 बजे तक दूरभाष क्र. 7489771149 पर कॉल कर या रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के जनसंपर्क विभाग के ई-मेल आई.डी. prrsclw@gmail.com पर अपना नि:शुल्क पंजीयन आवश्यक रूप से कराने की अपील की गई है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से संवर रहे हैं बालोद जिले के 952 स्कूलों के भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् बालोद जिले में 952 स्कूलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर परिवेश मिलेगा, जिससे बच्चों में पढ़ाई हेतु एक नई उमंग पैदा होगी।




कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में इस योजना के तहत स्कूल भवनों को संवारने का कार्य निरंतर जारी है। जिसमें 84 करोड़ 90 लाख रूपये की लागत से 952 स्कूल भवनों का कायाकल्प किया जाएगा। इन स्कूलों में छतों को सुधार, टाईल्स, दीवारों में रंग-रोगन, शौचालयों की रिपेयरिंग के साथ ही स्कूल की साज-सज्जा भी की जा रही है। जिले में स्कूलों के रंगाई का कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है, इससे स्कूल भवन देखने में काफी आकर्षक नजर आ रहे हैं।

जिले के जिन स्कूलों में कार्य पूरा हो गया है, वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। इससे अब उन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में सुविधाएँ प्राप्त होंगी। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रेंगाकठेरा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् शासकीय प्राथमिक शाला भवन को को संवारने का कार्य पूरा हो चुका है। वहॉ के ग्रामीण श्री रोमेश कुमार यादव ने बताया कि उक्त स्कूल भवन पहले जर्जर हालत में था, बारिश के दिनों में यहॉ के छत से पानी टपकता था, अब छत के मरम्मत होने से पूरी तरह ठीक हो गया है, इससे बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई करने में उनका मन भी अच्छे से लगेगा। गॉव की ही श्रीमती तामेश्वरी सार्वा ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना उन्हें काफी अच्छी लगी है, इससे हमारे बच्चों को अब बेहतर स्कूल भवन मिलेगा और वे अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे। इसी प्रकार ग्राम में रहने वाली श्रीमती उत्तरा साहू और द्रौपदी कुम्भकार ने भी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् किए गए कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने जिले में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव हेतु शिक्षा विभाग को पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए है। इसके तहत् स्कूल भवनों में साफ-सफाई करने तथा बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके साथ ही शासन की विभिन्न स्कूल से जुड़ी योजनाओं का लाभ स्कूल बच्चों को दिलाने के निर्देश दिए है।

# कलेक्टर ने किया चिरायु दल के कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के सभी विकास खंडों के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिरायु टीम व संबंधित विकासखण्ड के बी.एम.ओ, बी.पी.एम. व जिला स्तरीय कार्यक्रम के चिकित्सा अधिकारियों व सलाहकार की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि चिरायु टीम द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों व 18 वर्ष तक के सभी स्कूली बच्चों का गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में स्वास्थ्य परीक्षण किया जावे। स्वास्थ्य जांच के दौरान पाये गये बीमारी का तत्काल उपचार और रेफर योग्य केस में प्रत्येक स्तर पर तथा समय से रेफर कर उपचार कराना सुनिश्चित किया जाये, ताकि बीमारी से प्रभावित बच्चों को समय पर ईलाज कर निरोगी की जा सके। जिले का कोई भी बच्चा ईलाज के अभाव में गंभीर बीमारी से पीड़ित न हो। चिरायु कार्यक्रम का जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रचार करने के लिए भी उनके द्वारा निर्देशित किया गया, ताकि सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। इस नेक काम में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए चिरायु टीम को प्रेरित करते हुए कलेक्टर ने चिरायु टीम को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कार्य कौशल को बढ़ाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे को निर्देशित किया, जिससे टीम द्वारा बिमारियों की सही पहचान कर उनका उचित उपचार सुनिश्चित की जा सके।

### मुख्यमंत्री चन्द्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाधिवेशन में हुए शामिल, कहा-

# हर वर्ग के लोगों का विकास हमारा मुख्य ध्येय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कन्हेरा में चंद्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज के एक दिवसीय 52वें केंद्रीय महाअधिवेशन में शामिल हुए। समाज प्रमुखों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कुर्मी समाज प्रारंभ से ही खेती किसानी से जुड़ा हुआ है। प्रदेश के अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कृषकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।



उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज डॉ. खूबचंद बघेल, श्री चंदूलाल चंद्राकर और अन्य पूर्वजों का सपना था कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हो और छत्तीसगढ़िया किसान, मजदूर, श्रमिकों, गरीब तथा पिछड़े वर्ग की स्थिति में सुधार हो। शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिले। छत्तीसगढ़ सरकार अपने पुरखों के सपनों को साकार बनाते हुए आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि राज्य को सशक्त और एक मजबूत राज्य बनाने के दिशा में हमने काम किया है। हर वर्ग के लोगों का विकास ही हमारा मुख्य ध्येय है। सबसे पहले किसानों का कर्जा माफ किया। साथ ही धान के साथ ही मक्का, गन्ना का समर्थन मूल्य में खरीदी के साथ-साथ पहली बार लघुधान्य कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य में खरीदी हुई। बीते चार सालों में छत्तीसगढ़ में किसानों की संख्या, धान का उत्पादन और फसलों का रकबा भी बढ़ा है। किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय योजनाओं तथा किसानों, महिलाओं, वनवासियों, युवाओं के हित में लिए गए फैसलों से लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले धान खरीदी सीजन में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय लिया है।

इससे छत्तीसगढ़ के किसानों की स्थिति में और सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में चंद्रानाहूं कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक और सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में कहा कि वे देश के अन्य राज्यों के किसानों से मिले हैं। अन्य राज्यों के किसान भी चाहते है, कि छत्तीसगढ़ के किसान के समान देश के सभी राज्यों के किसानों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसान हित में मील का पत्थर साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश भर में हो रही है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक पेंट तैयार किया जा रहा है। रीपा के माध्यम से महिलाओं से रोजगार दिया जा रहा है। प्रदेश के कृषि, वनोपज आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए-नए अवसर उपलब्ध कराएं जा रहे है। आज प्राइवेट स्कूल से विद्यार्थी निकालकर स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश लेने प्रेरित हो रहे हैं।

### मुख्यमंत्री की घोषणाएं-

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्राम कन्हेरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खोलने की घोषणा के साथ किसानों के वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करते हुए जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की नवीन शाखा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति भी दी। उन्होंने मां शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण करने साथ ही विभिन्न पहुंच मार्गों के लिए सड़क निर्माण की भी घोषणा की। समाज प्रमुखों की मांग पर सामाजिक छात्रावास निर्माण के लिए सहमति प्रदान करते हुए समाज को जमीन के लिए विधिवत जिला प्रशासन को आवेदन करने के लिए कहा।

### मंत्री के आगमन में यातायात पुलिस की अहम रही व्यवस्था

**गरियाबंद।** नगर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल होने पहुचे मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री अमर जीत भगत के सड़क मार्ग से गुजरने के दौरान मार्ग के बीचोबीच सड़क में ट्रक में खराबी आना और उस दौरान तत्काल सड़क सुरक्षा बनाने यातायात पुलिस की ब्यस्था की भूमिका सराहनी रही।दरअसल शुक्रवार को नगर में राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री सुकन्या सामूहिक विवाह में वर वधु को आशीर्वाद देने और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत का आगमन हुआ ।वही वे हेलीकॉप्टर से पुलिस ग्राउंड पहुँचे जहां से सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विवाह स्थल जाने निकले।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai



ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372



## खास खबर...



### कभी रायपुर एयर एनसीसी के कैडेट रहे विवेक साहू आज उसी के बने विंग कमांडर

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ एयर एनसीसी के लिए एक ऐतिहासिक गौरवशाली समय है, जब एयर विंग एनसीसी के कैडेट रहे विवेक साहू ने छत्तीसगढ़ की एकमात्र एयर एनसीसी की इकाई के (मुखिया) कमान अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

विंग कमांडर विवेक कुमार साहू इकलौते ऐसे कमान अधिकारी हैं, जो इसी यूनिट के वर्ष 2005 में कैडेट रहे। उन्होंने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली 2005 में हिस्सा लिया। 2005 में ही इन्हें यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एनसीसी की तरफसे विदेश जाने का मौका मिला। साथ ही वर्ष 2008 में हैदराबाद एयर फोर्स एकेडमी से वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया। तत्पश्चात बीदर (कर्नाटक) में इन्होंने अपनी बेसिक फाइटर एयरक्राफ्ट की ट्रेनिंग ली। मिग-21, जैगुआर आदि फाइटर एयरक्राफ्ट को उड़ाने का अनुभव विंग कमांडर के पास है। इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग किया इन्होंने मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस दिल्ली में ज्वाइंट डायरेक्टर का पद भी संभाला।

### विपक्षी एकजुटता से भाजपा के होश हुए फाख्ता : रिजवी

**रायपुर (ए)।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि पटना में 23 जून को हुई बैठक में 15 दलों ने के आम चुनाव में एकजुटता पर सहमति व्यक्त करने की शुरूआत से भाजपा एवं उनके सहयोगी साथियों के होश फाख्ता हो गए हैं तथा चुनाव में भावी पराजय का पूर्वाभास हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं मंत्रीमंडल के सदस्य अपनी खीझ व कुंठा को छुपा नहीं पा रहे हैं तथा अमर्यादित बयान देकर अपनी निंदनीय हरकतों का मजाहिरा कर रहे हैं जो भाजपा की स्तरहीन सोच को उजागर करता है। रिजवी ने भाजपा को करारा जवाब देते हुए कहा है कि विपक्षी एकजुटता की पहली बैठक में ही सहमति होने के निर्णय से भाजपाई बेचैन हो गए हैं। केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह तो आपे से बाहर जाकर अनर्गल टिप्पणी करते हुए मंत्री रहते हुए अपने आराम और सुविधाओं के छिन जाने का भय उन्हें अभी से सताने लगा है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय मंत्री का बयान अमर्यादित एवं इनकी जागीर छिन जाने के भय का प्रतीक है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपाई ताबूत में अंतिम कील साबित होगी एवं मंहगाई तथा बेरोजगारी से त्रस्त देश की जनता एवं युवाओं ने भी अब भाजपा से पिंड छुड़ाने की मानसिकता बना ली है।

### मेहंदी स्पर्धा में साइमा को पहला छित्तेश्वरी को मिला दूसरा स्थान

**रायपुर (ए)।** अग्रसेन महाविद्यालय में इन दिनों ग्रीष्मकालीन स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मेहंदी स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न पारंपरिक आकृतियों और प्रतीकों पर केन्द्रित मेहंदी लगाते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इन प्रतिभागियों ने मेहंदी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को भी उजागर किया। इसमें सभी प्रतिभागियों के कौशल और आकृति-संयोजन के आधार पर निर्णायकगण डॉ शोभा अग्रवाल तथा श्वेता अग्रवाल ने साइमा खान को विजेता और छित्तेश्वरी कौशल को उपविजेता घोषित किया। विजेताओं को आगामी समारोह में पुरस्कार भी दिए जायेंगे। आज की स्पर्धा का संयोजन कार्यक्रम प्रभारी प्रो. भावना गढ़ेवाल ने किया। इस आयोजन के सम्बन्ध में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वी.के. अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन करता रहा है। प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय ने हमेशा ही रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के सम्मान समारोह व स्नेह सम्मेलन में हुए शामिल

# मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के मुश्किल समय में अच्छे वित्तीय प्रबंधन के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों की सराहना की

## राज्य वित्त सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ वित्त सेवा अधिकारी संघ के सम्मान समारोह व स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2015 के बाद सेवानिवृत्त हुए वित्त विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की स्मारिका 'सुनिधि' का भी विमोचन किया। वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, कोष एवं लेखा संचालक नीलकंठ टीकाम, पेंशन संचालक नम्रता गांधी और संस्थागत वित्त की विशेष सचिव एवं संचालक शीतल वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि वित्त और चित्त में गहरा संबंध है। जब वित्त बढ़िया हो तो चित्त भी बढ़िया होता




है। वित्त विभाग पूरे प्रदेश की व्यवस्था के लिए धमनी का काम करता है। जहां जितनी जरूरत हो वहां उतनी राशि वित्त विभाग आबंटित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन में वित्त विभाग अच्छा काम कर रहा है। कोरोना संकट का समय राज्य की वित्तीय व्यवस्था के लिए परीक्षा का समय था। उस भीषण संकट के दौर में भी वित्तीय सेवा से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों ने राज्य की अर्थव्यवस्था को संभाले रखा। जब देश में चारों ओर मंदी का वातावरण था, तब भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था गतिशील रही।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आज जिन अधिकारियों का सम्मान हुआ है उनका मैं अभिनंदन करता हूं। पुरानी पेंशन योजना लागू करना राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों की पुरानी मांग थी। हमने इसे लागू करने का फैसला किया तो केंद्र सरकार ने इस पर असहयोगात्मक रवैया अपनाया। बावजूद इसके वित्त विभाग की कार्यकुशलता से पुरानी पेंशन योजना को प्रदेश में सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

कार्यक्रम में वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद ने कहा कि राज्य शासन की नीतियों और योजनाओं को लागू करने में वित्त सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे शासन के दिशा-निर्देशों के साथ मितव्ययता बरतते हुए वित्तीय प्रबंधन करते हैं। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सम्मान समारोह और स्नेह सम्मेलन के आयोजन के लिए राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि संघ द्वारा आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम में राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष केएल रवि और महासचिव सचिन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं राज्य वित्त सेवा के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# शिविर में प्राप्त हुए आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**रायपुर (ए)।** धरसींवा तहसील के राजस्व प्रकरणों- नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए आज तहसील कार्यालय में सुबह 10:30 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कई हितग्राहियों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई, अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र पटेल (रा.), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।



शिविर में विभिन्न प्रकरणों के कुल 196 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 131 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया और 65 आवेदन प्रक्रियाधीन है। शिविर में नामांतरण प्रकरण के 37 प्राप्त आवेदनों में 32 निराकृत किए गए और 5 प्रक्रियाधीन है। इसी तरह किसान किताब के लिए प्राप्त 18 आवेदनों में 13 निराकृत किया गया और 5 प्रक्रियाधीन है। अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई ने बताया की आय प्रमाण पत्र के 61 आवेदन तथा निवास प्रमाण पत्र के 20 आवेदन प्राप्त हुए तथा अन्य प्रमाण पत्रों के प्राप्त सभी आवेदनों का अधिकाधिक निराकरण किया गया। इसी प्रकार अन्य प्रकरणों के 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 30 का निराकरण किया गया और 30 प्रक्रियाधीन है।

# छत्तीसगढ़ के पुरालेखीय विरासत पर व्याख्यानः गूंजी के अभिलेख में छत्तीसगढ़ में पशुधन की समृद्धि का उल्लेख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में चल रही कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्राचीन अभिलेखों पर केंद्रित विशेष व्याख्यान भी हुआ। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉ. टी.एस. रविशंकर ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिले में स्थित गूंजी के अभिलेख से ऋषभतीर्थ होने और एक हजार गायों के दान देने की जानकारी होती है जिससे छत्तीसगढ़ में पशुधन की समृद्धि का पता लगता है।

डॉ. रविशंकर ने छत्तीसगढ़ की तीसरी शताब्दी ई.पू. से 12वीं शताब्दी तक के प्रमुख अभिलेखों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की अभिलेखीय व पुरालेखीय विरासत





पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरगुजा स्थित रामगढ़ के अभिलेख में बनारस का उल्लेख हुआ है और मंदिर नर्तकी (देवदासी) परंपरा की जानकारी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला के पांचवें दिन रिसोर्स पर्सन डॉ. टी.एस. रविशंकर ने गुप्तकालीन ब्राह्मी व छत्तीसगढ़ में गुप्तोत्तर कालीन शरभपुरीय-पण्डुवंश काल में प्रचलित विशिष्ट प्रकार की लिपि पेटिका शीर्ष ब्राह्मी के बारे में प्रतिभागियों को बतलाया और अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि लुप्त होती इन प्राचीन लिपियों के ज्ञान को नई पीढ़ी को हस्तांतरित करने के लिए अभिभावकों को भी अपने बच्चों में रुचि विकसित करके योगदान देना चाहिए। संचालनालय द्वारा इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं में प्राचीन लिपियों को लिखने और पढ़ने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बेहतर परिणाम का आना शिक्षा के स्तर में सुधार के संकेतः विधायक जुनेजा

## शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में हमारे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदानः संसदीय सचिव उपाध्याय

**रायपुर (ए)।** जिला प्रशासन की ओर से उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम सम्मान समारोह में जिले के कक्षा 10वीं से 90 प्रतिशत से अधिक और कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत से अधिक लाने वाले स्कूल के 44 प्राचार्यों तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मायाराम सुरजन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में किया गया।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने सम्मानित होने वाले समस्त प्रचार्यों को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि किसी देश-प्रदेश की साख शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। जब भी हम अपने प्रदेश के बाहर जाते है तो हमारे शिक्षा के स्तर पर चर्चा होती है। इस स्तर और गुणवत्ता को श्रेष्ठ बनाए रखने का जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधो पर रहती है। यह जिम्मेदारी हमारे शिक्षक बखुबी निभा रहे है। हमारे स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के मेहनत और लगन से जिले का परिणाम इतना बेहतर आया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद शिक्षा के स्तर में कमी आई थी, मगर हमारे शिक्षकों ने इसे चुनौती के रूप में लिया और दुगुनी मेहनत कर अच्छा परिणाम लाया।



उन्होंने कोरोना काल के समय में भी ऑनलाईन तथा अन्य माध्यमों की सहायता से शिक्षा जारी रखी। उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए गए जहां पर बड़े-बड़े निजी स्कूलों जैसी संसाधन और शिक्षा प्रदान की जा रही है। इनमें भी हमारे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि आज जितने स्कूलों के परिणाम की चर्चा हुई उन सब के परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक थे। यह दर्शाता है कि हमारे शिक्षा के स्तर में कितना अच्छा सुधार आया है। यह अच्छा परिणाम शिक्षकों के मेहनत से ही आया है। उनके कारण हमारे सरकारी स्कूल के बच्चे मेरिट लिस्ट में स्थान बना रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की शुरूआत की गई वहां पर शिक्षा का स्तर इतना अच्छा है, कि वहां प्रवेश के लिए होड़ लगी हुई है। पालक निजी स्कूलों को छोडकर अपने बच्चों को आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश कराना चाहते हैं। हमारी इस योजना की सफलता का श्रेय शिक्षकों का है इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

कलेक्टर डॉ भुरे ने सभी सम्मानित होने वाले प्राचार्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जब मैने 1 जुलाई को रायपुर में कलेक्टर का कार्यभार संभाला तो मैंने पाया कि कोरोना काल के बाद जिले के स्कूलों का परिणाम अपेक्षाकृत अच्छा नहीं था। तब सबसे पहले शिक्षा विभाग की बैठक ली और समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षकों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाई, जिसमें वीकली टेस्ट, अतिरिक्त कक्षाएं और कक्षा में उपस्थिति विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान केन्द्रित किया। शिक्षकों विद्यार्थियों और प्रशासन के निरन्तर और संयुक्त प्रयास के बाद बेहतर परिणाम आए। कलेक्टर ने कहा कि गतवर्ष हाईस्कूल का परिणाम 59 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी का 75 प्रतिशत था। यह बढ़कर क्रमशः 72 और 82 प्रतिशत हो गया। हमे विश्वास है कि इस सत्र में हम और बेहतर परिणाम लाएंगे।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा और जिला शिक्षा अधिकारी आर.एल ठाकुर, सहित विभिन्न स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकगण उपस्थित थे।

### प्राचार्यों ने बताया कैसे आए इतने अच्छे रिजल्ट

कार्यक्रम में अच्छे परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्यों ने बताया कि उन्होंन कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में कार्ययोजना बनाई। हमने वीकली टेस्ट कराया, जिससे सबसे अधिक लाभ हुआ। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी थी वहां प्रशासन के सहयोग से दुसरी स्कूलों की शिक्षकों को आमंत्रित कर क्लास लिया गया। एक्स्ट्रा क्लास लिए गए, कमजोर परिणाम वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर अलग सेक्शन बनाया गया। इनमें विशेष रूप से मेहनत की गई बच्चों से नोट्स बनवाए गए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हंसने से ही नहीं रोने से भी सेहत को हो सकते हैं हैरान करने वाले फायदे



जैसे खुल कर हंसना सेहत के लिए अच्छा होता है ठीक उसी प्रकार खुल कर रोना भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन दुनियाभर में रोने को लेके एक धारणा बना ली गई है कि रोना कमजोर होने की निशानी होती है और दिल के कमजोर लोग ही आंसू बहाया करते हैं। शायद इसलिए पुरुष तकलीफ होने पर भी आंसू बहाने और रोने से बचते हैं। महिलाएं ज्यादातर रो देती हैं, इसलिए उन्हें अधिक भावनात्मक और कमजोर मान लिया जाता है। लेकिन विज्ञान का इस भावनात्मक मसले पर कुछ और ही कहना है। उनका कहना है कि कभी-कभी रोना हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है। जी हां, हंसने की तरह रोने के भी अपने कुछ फायदे होते हैं। रोना भावनात्मक होने की निशानी हो सकती है लेकिन कमजोर होने की नहीं। चलिए जानते हैं रोने से हमारी सेहत को किस प्रकार फायदा हो सकता है।

### क्या कहता है रिसर्च?

हार्वर्ड यूनिवर्सिटि ने 2021 में अमेरिकी महिलाएं औप पुरुषों पर एक रिसर्च किया था जिसमें महिलाएं हर महीने 3.5 बार रोती हैं जबकि अमेरिकी पुरुष हर महीने लगभग 1.9 बार रोते हैं। रिसर्चर ने माना कि लोग ना सिर्फ उदासी में अपने आंसू बहाए हैं बल्कि ज्यादा खुश होने पर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए आंसू बहाए हैं।

### हर आंसू होते हैं अलग

एक्सपर्ट्स ने आंसुओं को तीन अलग-अलग कैटेगरी में डिवाइड किया है - रिफ्लैक्स टीयर्स, कंटीन्यूअस टीयर्स और इमोशनल टीयर्स। रिफ्लैक्स टीयर्स और कंटीन्यूअस टीयर्स आंखों से धूल और गंदगी हटाने और संक्रमण से बचाने में मदद करता है। आंसू में लगभग 98% पानी होता है।

## रोने के फायदे

### तनाव कम करने में मददगार

रोते समय हमारे शरीर में कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर कम होता है, जिससे हमारा तनाव कम होता है। इसके परिणामस्वरूप, हमें आराम मिलता है और मानसिक तनाव कम हो जाता है।

### भावनात्मक रिलीफ

रोते समय, हमारी भावनाएं व्यक्त होती हैं और हमें स्वयं को शांत करने और सुधार करने का एक माध्यम प्रदान करता है।

### दिल की सेहत के लिए लाभदायक

रोने से हमारी नसों में रक्त संचार बढ़ता है और हमारा दिल स्वस्थ रहता है। इसके साथ ही, रोने से हमारी दिल की धड़कनें स्थिर होती हैं और रक्तचाप कम होता है।

### अच्छी नींद में मददगार

दिमागी बेचैनी के चलते रात के वक्त कुछ लोगों को नींद नहीं आती है। ऐसे में रोने से रात में नींद अच्छी आती है क्योंकि रोने से दिमाग शांत हो जाता है।

### आंखों के लिए बेहतर

रोना सिर्फ दिमाग ही नहीं बल्कि आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। रोते वक्त आंसू निकलने से आंखों के भीतर छिपे बैठे कई सारे बैक्टीरिया बहकर बाहर निकल जाते हैं जो आंखों को कई रोग होने से बचा सकते हैं।

# ब्लू डीपनेक ड्रेस पहन मलाइका अरोड़ा ने फ्लॉन्ट किया क्लीवेज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने हॉट और स्टाइलिश अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट सुपरबोल्ड अदाओं से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग लुक्स और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। मलाइका अरोड़ा हमेशा अपने हॉट लुक्स से फैंस का दिल मचल देती हैं। हालांकि फैंस भी उनके स्टाइल को देखकर हमेशा आहें भरने लगते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सुपरबोल्ड अंदाज इंटरनेट पर कहर बरपा रहा है। एक्ट्रेस ने अपने इस आउटफिट को पहनकर बेहद ही सेक्सी पोज देते हुए तस्वीरें क्लिक करवाई हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर तेजी से लोगों के बीच वायरल होने लगती हैं। मलाइका अरोड़ा ने अपनी इन फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की डीपनेक ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कैमरे के सामने मलाइका ने जमकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस के होश उड़ा दिए हैं। बालों का बन बनाकर, गोल्डन ज्वेलरी और सेटल मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।



# सावधान! कैंसर का मरीज बना सकता है खाना बनाने का ये तरीका, तुरंत बदल लें आदत

आपके खाना बनाने का तरीका कैंसर बीमारी को जन्म दे सकता है। हैरान कर देने वाली इस बात का खुलासा एक रिसर्च में हुआ है। कैंसर एक खतरनाक और जानलेवा बीमारी है। खाना पकाने के तरीके इसके जोखिम को और भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि आप खाने को किस टेंपरेचर पर पकाते हैं, यह समझना जरूरी है। कई बार हाई टेंपरेचर पर पका खाना कैंसर का रिस्क बढ़ा सकता है। आइए जानते हैं खाना पकाना कैंसर को कैसे बढ़ावा दे सकता है।

### हाई टेंपरेचर पर न पकाएं खाना

वैज्ञानिकों का कहना है कि हाई टेंपरेचर पर खाना पकाना खतरनाक होता है। यह कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपनी एक शोध में पाया का घरों में जिस तरह से खाना पकाया जाता है, उसका कनेक्शन सीधे तौर पर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से है।

### बार-बार पकाए फूड्स से बचें

वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि तेज आंच पर बार-बार अगर कोई खाना पकाया जाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है। रेड मीट और डीप फ्राइड फूड्स इसी तरह से बनता है, इसलिए इन्हें खाने से कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है।

### तेज आंच पर पका खाना खाने से कैंसर कैसे होता है


शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर कोई फूड ज्यादा पका है तो उसमें से कुछ तत्व रिलीज होते हैं, जो डाइजेशन के दौरान डीएनए तक पहुंच सकता है। इससे कैंसर को बढ़ावा देने वाले तत्व सक्रिय हो सकते हैं। ये तत्व न सिर्फ डीएनए को नुकसान पहुंचाने का काम कर सकते हैं, बल्कि कैंसर और दूसरी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



### ज्यादा पका खाना फायदेमंद नहीं

सबसे बड़ी बात कि जब हम किसी खाने को ज्यादा तेज आंच पर या बार-बार पकाते हैं तो उसमें मौजूद विटामिन, खनिज, फैट और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्व नष्ट हो सकते हैं, जिससे वह पौष्टिक नहीं रह जाता है।

# द ट्रायल-प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है काजोल



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली वेबसीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने कोर्टरूम वेब ड्रामा सीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाया है। काजोल द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने बताया कि द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में उनका जो किरदार है उन्होंने ऐसा किरदार अपने करियर में पहले कभी नहीं निभाया था। काजोल ने कहा, नोयोनिका का किरदार एक महत्वाकांक्षी महिला का है जो अपने और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कुछ भी कर सकती है। मुझे लगता है कि हर जगह ज्यादातर महिलाएं यही करती हैं। गृहणियां दुनिया में सबसे अधिक अनपेड काम करती हैं। मेरा किरदार भी यही है। यही उसका मूल है, मुझे लगता है कि यही हर महिला का मूल है।

द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा सीरीज अमेरिकी लीगल ड्रामा द गुड वाइफ का भारतीय रूपांतरण है। द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा सुपर्ण एस. वर्मा द्वारा निर्देशित है। इस वेबसीरज में काजोल के अलावा शीबा चड्ढा, जिशु सेनगुप्ता, एली खान, कुब्रा सैत और गौरव पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# आज भी सिंगिंग करते वक्त घबरा जाती हूं : जन्नत जुबैर

एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था, लेकिन सिंगिंग से उन्हें अब भी घबराहट होती है। जन्नत ने हाल ही में अपना नया गाना कायफा हलुका रिलीज किया है। गाने के लिए आयोजित कॉन्फ्रेंस में एक्ट्रेस ने गाने के अलावा और भी बहुत कुछ बताया। जब उनसे पूछा गया कि सिंगिंग या एक्टिंग में से उनके लिए क्या मुश्किल है, तो उन्होंने जवाब दिया, मेरा मानना है कि कोई भी काम आसान नहीं होता और अगर आप उसे दिल से करते हैं तो कोई भी काम मुश्किल भी नहीं होता। मुझे एक्टिंग का बहुत शौक है क्योंकि मैं यह बचपन से करती आ रही हूं। मुझे एक्टिंग की आदत है। अगर मुझे सिंगिंग या एक्टिंग के बीच तुलना करनी हो तो जाहिर तौर पर एक्टिंग ही मेरी प्राथमिकता होगी। मैं आज भी गाना गाते समय घबरा जाती हूं। मैं पहले स्क्रैच रिकॉर्ड करती हूं और फिर फाइनल सॉन्ग रिकॉर्ड करने के लिए स्टूडियो जाती हूं। अपने गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कायफा हलुका का अरबी में अर्थ है आप कैसे हैं?

यह हमारी ओर से बिल्कुल नया प्रयास है। आजकल हम सब जो सुन रहे हैं, यह उससे अलग गाना है। हमने इसे लाइव इंस्ट्रूमेंट्स के साथ एक पॉप गाना बनाने की कोशिश की है। इसमें अरबी म्यूजिक भी है। गाना बहुत ही कर्णप्रिय है। अगर आप इसे एक या दो बार सुनेंगे तो पूरा दिन गुनगुनाते रहेंगे। कायफा हलुका को जन्नत जुबैर ने गाया है। विभास ने गाने के बोल और संगीत दिया है और जन्नत के पिता जुबैर रहमानी ने इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया है।



# कंगना रनौत ने टीजर जारी कर किया इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान

कंगना रनौत पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं। अब आखिरकार अभिनेत्री की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अभिनेत्री ने रिलीज डेट के साथ फिल्म का टीजर भी जारी किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है।

कंगना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा, एक रक्षक या एक तानाशाह? हमारे इतिहास के सबसे काले दौर का गवाह बनें, जब हमारे राष्ट्र के नेता ने अपने लोगों पर युद्ध की घोषणा की। इमरजेंसी 24 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी। टीजर में अभिनेत्री का पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन देख प्रशंसक उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं और उनके अभिनय को भी पसंद कर रहे हैं।



इमरजेंसी के टीजर में दिखाया गया है कि देश में 25 जून 1975 को इमरजेंसी लगने के बाद क्या हालात थे। लोग सड़क पर निकलकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और पुलिस उन्हें रोकने के लिए उनके ऊपर गोलियां चला रही है। बीच में जेल की सलाखों के पीछे अनुपम खेर की झलक भी दिखाई देती है और आखिर में कंगना गांधी की दमदार आवाज में कहती हैं- इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा।

कंगना का कहना है कि इमरजेंसी हमारे इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण और काले अध्यायों के बारे में बताती है, जिसके बारे में युवाओं को जानना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत के इस असाधारण घटनाक्रम को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हूं।

कंगना के अलावा फिल्म में कई बेहतरीन सितारे नजर आने वाले हैं। अनुपम राजनेता जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाएंगे तो श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में नजर आएंगे। इनके अलावा महिमा चौधरी सांस्कृतिक कार्यकर्ता और लेखिका पुपुल जयकर, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, विशाक नायर संजय गांधी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक राजनेता जगजीवन राम का किरदार निभाएंगे।

# येलो ब्रालेट पहन केट शर्मा ने फ्लॉन्ट किया हाई क्लीवेज, तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी

टीवी और भोजपुरी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर हमेशा सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। वो हर बार अपने लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने हॉटनेस भरे अंदाज से फैंस को इस कदर दीवाना बना दिया है कि हर कोई उनकी तारीफ करता नहीं थक रहा है। एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को अपनी ओर रीझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में केट शर्मा ने येलो कलर की ब्रालेट और साथ ही व्हाइट कलर का शॉर्ट्स पहना हुआ है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अभिनेत्री ने अपने इस फोटोशूट के दौरान कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देकर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी इन तस्वीरों में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

**खास खबर**

## रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम ने किया

**महासमुन्द।** वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज महासमुंद कलेक्ट्रेट रोड में वीरांगना महारानी दुर्गावती की 8 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्री मोहित ध्रुव व सदस्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल श्रीमती तारा ध्रुव ने किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के आदिवासी ध्रुव गोंड समाज प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रतिनिधि एवं सदस्य व स्वजातीय बन्धु बड़ी संख्या में मौजूद थे। यहां बीटीआई के समीप रानी दुर्गावती की 8 फीट ऊंची आदम कद प्रतिमा की स्थापना की गई है। विदित है कि रानी दुर्गावती देश की एक महान वीरांगना थीं, रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 में हुआ था। उनका राज्य गोंडवाना में हुआ था। उन्होंने युद्ध स्थल में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए 24 जून 1564 को प्राणोत्सर्ग कर दिया।रानी दुर्गावती की वीरता को सम्मान देने के उद्देश्य से ही 24 जून को 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया जाता है. आज उनकी 459वीं पुण्यतिथि मनाया जा रहा है।

## कलेक्टर और विधायक ने बालिका को प्रदान किया राशन कार्ड

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर कक्ष सारंगढ़ में विधायक उत्तरी जांगड़े और कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने बरमकेला विकासखंड के विक्रमपाली निवासी प्रेमदास मानिकपुरी के अन्त्योदय राशन कार्ड को उनके बेटी को प्रदान किया। प्रेमदास मानिकपुरी पिता सुकलाल मानिकपुरी किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, जो कि जनवरी 2023 से जिला अस्पताल रायगढ़ और बालाजी मेट्रो हॉस्पीटल रायगढ़ में इलाज करा चुका है। प्रेमदास का अब अन्त्योदय राशन कार्ड बनने के बाद आयुष्मान कार्ड भी शीघ्र बन जाएगा, जिससे वह पाँच लाख रूपये तक का नि:शुल्क इलाज करवा सकता है। हितग्राही प्रेमदास ने कलेक्टर और विधायक को धन्यवाद दिया और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सारंगढ़ विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, जनप्रतिनिगण एवं खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि किडनी के गंभीर बीमारी से ग्रसित प्रेमदास का सामान्य कार्ड से अब तक 5 लाख का इलाज हो चुका है। अब उनके इलाज के लिए पैसों की जरूरत थी। इस समस्या के निराकरण के लिए गंभीर बीमारी अंतर्गत प्रेमदास का अंत्योदय राशन कार्ड बनाया गया है अब फिर से नया आयुष्मान कार्ड बनेगा जिससे 5 लाख तक का इलाज हो जाएगा।

## धर्मांतरण को लेकर विहिप की चिंता भाजपा की डूबती नैय्या बचाने का एजेंडा-कांग्रेस

**रायपुर।** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में धर्मांतरण को लेकर की गयी चिंता को कांग्रेस ने भाजपा की डूबती नैय्या को बचाने का एजेंडा बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जबरन धर्मांतरण को सुप्रीम कोर्ट ने देश के लिये बड़ी समस्या बताया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद केन्द्र में बैठी मोदी सरकार का यह कर्तव्य बन जाता है कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ वह पूरे देश में एक कानून बनाये। भारतीय जनता पार्टी धर्मांतरण को लेकर देश भर में अफवाह फैलाने और राजनीति करने का काम करती है। लेकिन जब इस मामले में ठोस पहल करने या कानून बनाने की बात आती है तब भाजपा की नीयत में खोट साफ नजर आता है। भारतीय जनता पार्टी धर्मांतरण और सांप्रदायिकता पर सिर्फ राजनीति करना चाहती है। वह नही चाहती इस समस्या का कोई ठोस निदान हो। सुप्रीम कोर्ट धर्मांतरण पर चिंतित है वह देश में धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनने की वकालत कर रही है। ऐसे में मोदी सरकार इस मामले पहल कर शीघ्र कानून बनाना चाहिये। अलग-अलग राज्य धर्मांतरण के मामले में कानून बना रहे है। लेकिन जब यह समस्या पूरे देश की है तब एक राष्ट्र एक कानून के सिद्धांत का पालन धर्मांतरण में भी होना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विहिप अपने बैठक में धर्मांतरण को लेकर चिंता व्यक्त करती है लेकिन अपने ही सहयोगी केन्द्र सरकार को कानून बनाने के लिये उसने कोई प्रस्ताव पारित नही किया। राष्ट्रीय स्वंय सेवक भाजपा धर्मांतरण को लेकर ईसाईयो के उपर आरोप लगाती है लेकिन आरएसएस स्वंय ईसाई समुदाय के लिये क्रिसमस का भोज आयोजित करवाती है। संघ का यह दोहरा चरित्र यह बताने के लिये पर्याप्त है कि संघ के लिये धर्मांतरण और सांप्रदायिकता ऐसा राजनैतिक एजेंडा है जो वह समय-समय पर भाजपा की राजनैतिक जरूरतों के अनुसार बदलती रहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर जो विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रही है।

# रीपा में हजारों लोगों को मिल रहा रोजगार, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा है साकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना से गांवों में ग्रामीणों को रोजगार व स्व-रोजगार मिलने लगा है। गांवों को उत्पादन का केन्द्र और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गइ है यह योजना अब ग्रामीण परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव लाने लगी है। ग्रामीणजन रीपा के माध्यम से अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में बदलाव के लिए पूरे मनोयोग जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की रीपा योजना वास्तव में सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में निर्मित गौठान में संचालित आयमूलक गतिविधियां का अभिसरण है।**



गौठानों में रीपा के माध्यम से आयमूलक गतिविधियों के संचालन के लिए शासन द्वारा आधारभूत संरचनाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्व-रोजगार की गतिविधियों के संचालन में मदद मिली है।

मुंगेली जिले के ग्राम संबलपुर में संचालित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में वर्तमान में 50 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। वहां विभिन्न प्रकार की आयमूलक गतिविधियों का संचालन अलग-अलग समूह कर रहे हैं। प्रत्येक समूह को आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रशिक्षण भी प्रदाय किया गया है। ग्राम संबलपुर के रीपा में स्व-सहायता समूह जैम-जैली, आचार, टेडी बियर, ब्लैक गार्लिक जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

### आम, नींबू और कटहल का आचार

रीपा में कौशल माता स्व सहायता समूह द्वारा बीते 25 मई से आम, कटहल, नींबू से आचार बनाया जा रहा है। समूह की 07 महिलाओं और तीन पुरुषों द्वारा अब तक 270 किलोग्राम आचार तैयार कर लिया गया है, जिसे पैकेजिंग के बाद सी मार्ट के माध्यम से विपणन किया जायेगा। इसके विक्रय से लगभग 11 हजार रूपए की आमदनी होने की उम्मीद है। आचार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### ब्लैक गार्लिक का उत्पादन-सेहत के लिए लाभकारी

संबलपुर के रीपा में नवयुवक मंडल कौशल माता स्व सहायता समूह द्वारा औषधीय गुणों से परिपूर्ण ब्लैक गार्लिक का उत्पादन किया जा रहा है। समूह द्वारा लहसुन को 15 दिनों तक एक निश्चित ताप में मशीन में रखकर ब्लैक गार्लिक तैयार किया जाता है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 600 रूपए किलो है। औषधि गुणों से भरपूर ब्लैक गार्लिक सेहत के लिए काफी लाभदायक है। इसके सेवन से शुगर, हृदयरोग, पाचन संबंधी रोग के नियंत्रण में मदद मिलती है। ब्लैक गार्लिक में एलिसिन पाया जाता है, जो खून को पतला रखने और हार्ट ब्लाकेज से बचाने में मदद करता है। ब्लैक गार्लिक तैयार करने के लिए समूह के लोगों को राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। ब्लैक गार्लिक के उपयोग से पैर-दर्द में राहत और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### दस दिन में 200 से अधिक टेडी बियर बनाएं

संबलपुर के रीपा में जय शिवशक्ति समूह द्वारा टेडी बियर और कुशन बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह द्वारा मात्र 10 दिनों में 200 से अधिक टेडी बियर बनाया जा चुका है, जिसमे से 80 टेडी बियर का विक्रय किया जा चुका है और खर्च काटकर लगभग 4 हजार की आमदनी प्राप्त की गई है। टेडी बियर बनाने के लिए समूह की महिलाओं को 15 दिनों का विधिवत प्रशिक्षण भी दिया गया है। जय मां दुर्गा स्वसहायता समूह द्वारा रीपा में जैम, जैली, टोमैटो सॉस, एलोवीरा जैल, अर्क, फ्रूट कैंडी, अनार मोलिसस, चिली सॉस, साबुन और शैम्पू का कच्चा पदार्थ, कटहल की बड़ी का निर्माण के साथ ही छीन बीज से काफी पावडर भी तैयार किया जा रहा है, जो कि औषधीय गुणों से परिपूर्ण है।

# जीवन में शिक्षा से आते हैं महत्वपूर्ण बदलाव - कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह के आव्हान पर शाला प्रवेशोत्सव के पहले जिले के सभी स्कूलों में स्वच्छता महाभियान चलाया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपरवाह, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलोनी, शासकीय सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजनांदगांव में आयोजित स्वच्छता महाभियान में शामिल हुए। स्कूलों के स्वच्छता महाभियान में 24 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कोई ऐसी बात जो एकदम से बदलाव ला दे, तो यह शैक्षणिक परिसर है और हमारी शिक्षा है। जिसके माध्यम से हम अपना जीवन बदल सकते हैं। गरीब एवं जरूरतमंद तथा सभी के लिए शिक्षा जीवन में आगे बढने् के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। जब सभी ग्रामवासी मिलकर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हुए, तो इसके माध्यम से स्कूल के प्रति लगाव की भावना उत्पन्न हुई है। बच्चों के लिए यह एक संदेश है कि उन्हें पढ़ाई के लिए एक अच्छा स्वच्छ माहौल मिले और हमारी उनसे बहुत सी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव को त्यौहार के रूप में मनाएं और रंगोली बनाएं तथा सजावट करें।

कलेक्टर डोमन सिंह ने बताया कि जिले में जनसहभागिता से स्कूलों के लिए स्मार्ट टीवी का अभियान चलाया गया। वही तालाबों की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसके बहुत अच्छे परिणाम रहे। वही जिले में निजी स्कूलों की तर्ज पर समर कैम्प का आयोजन किया गया। समाज को स्कूल तक लेकर आना जुड़ाव का एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। यह हमारे गांव का स्कूल है, ऐसा कनेक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी एक व्यक्ति अकेले कार्य नहीं कर सकता। एक दूसरे के साथ मिलकर सहयोग से टीम वर्क में कार्य करने से ही सफलता मिलती है।

# अग्रसेन भवन में दो संस्थाओं ने मिलकर 11 दिव्यांग जोड़ों का कराया विवाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कभी कभी समाज में ऐसे कार्यक्रम होते है जो समाज को प्रेरणा देने के साथ अविस्मरणीय बन जाते हैं। प्रकृति की अनुपम सौगात माने जाने वाले दिव्यांग परिणय सूत्र में जब बंध रहे थे तो कोरबा के दिग्गज और समाजसेवी अपने दोनों हाथों से आशीर्वाद दे रहे थे। रोटरी क्लब और अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्तावधान में अभूतपूर्व वातावरण में 11 दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र में बंध गये। यहां उपस्थित लोंगो में नवदाम्पत्य जोड़ो को आशीर्वाद के साथ सौगात भी दी। अग्रसेन भवन इस पूण्य कर्म से अपने आप को गर्व महसूस कर रहा था।

यहां यह बताया लाजिमी होगा कि रोटरी क्लब कोरबा पिछले 47 वर्षों से लगातार समाज के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निशक्तजन की सेवा में लगा हुआ है। रोटरी क्लब कोरबा दिव्यांगों के उत्थान के लिए भी लगातार कार्य कर रहा है। दिव्यांग विद्यालय संचालित कर दिव्यांगों को शिक्षा के साथ साथ उनकी प्रतिभाओं को भी निखार रहा हैं। यह सेवा कोई मामूली नही हैं। क्लब द्वारा कृत्रिम हाँथ पैर लगाने का एक बड़ा आयोजन गत दिसंबर में कोरबा में किया गया जो कि अपने आप में शहर में ऐसा पहला कार्यक्रम था, जिससे 100 से अधिक दिव्यांगों के चेहरो पर मुस्कान बिखर गई थी और हंसते हंसते अपने घर रवाना हुए थे। उक्त कार्यक्रम में देशभर के 100 लाभार्थियों को कृत्रिम पैर और 100 लाभार्थियों को कृत्रिम हाँथ लगाए गए और लगातार दूसरे शहर के रोटेरियन को इस महान सेवा कार्य हेतु उत्साहित किया जा रहा है तथा यदि कोई इच्छुक है तो उसे पूरी मदद भी की जाती है। इसी क्रम में रोटरी क्लब एवं अग्रवाल सभा द्वारा कोरबा में एक बड़ा आयोजन किया गया। अग्रसेन भवन कोरबा में 11 दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह किया गया। गत छह महीनों से इन जोड़ों की खोज की गई और पूरे दस्तावेज आदि जाँच करने के पश्चात अब यह शुभ अवसर आया। इसमें कोरबा जिले के बाहर के भी जोड़े है कोरबा ज़िले के दो जोड़े, महासमुंद ज़िले से 6 जोड़े, रतनपुर, बाराद्वार के दो जोड़े, इस प्रकार पूरे ग्यारह जोड़ो का सामुहिक विवाह संपन्न हुआ। दिनांक 22 जून को सभी जोड़े कोरबा पहुँच गये और उनका गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया गया, रात्रि को जैसी परंपरा रही है। रोटरी क्लब की महिला सदस्यों और अग्रवाल सभा की सदस्यों ने मिलकर भजन का संगीत संध्या प्रस्तुत किया जिससे सभी आगंतुक वर वधू अत्यंत ही प्रसन्न दिखें। इस अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था द्वारा भजन प्रस्तुत किया।

# गोधन न्याय योजना से खुला बरही के ग्वालिन स्व सहायता समूह के महिलाओं के लिए आमदनी का द्वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** राज्य शासन के सुराजी ग्राम योजना के अंतर्गत शुरू की गई महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप यह योजना ग्रामीणों, पशुपालकों एवं महिला स्वसहायता समूह के अलावा इस कार्य से जुड़े लोगों के लिए हर तरह से उपयोगी साबित होकर कामधेनू बन गया है। जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही के स्वसहायता समूह के महिलाओं के लिए गोधन न्याय योजना से आमदनी का स्थायी द्वार खुल गया है।



गोधन न्याय योजना के अंतर्गत बरही गौठान में ग्वालिन स्वसहायता समूह की महिलाएं अब तक 1300 क्विंटल वर्मी खाद का निर्माण कर चुकी हैं। इसके साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाएं अब तक 05 लाख 20 हजार रुपये की 1007 क्विंटल वर्मी खाद की बिक्री कर प्रति सदस्य 47 हजार 272 रूपये की राशि की शुद्ध आमदनी प्राप्त कर चुके हैं। इस योजना से स्वसहायता समूह की महिलाओं को गांव में ही रोजगार मिलने से उनका आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। यह योजना आज फसलों में डालने वाले हानिकारक रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों से मुक्ति प्रदान करने के अलावा कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बरकरार रखने में भी अत्यंत मददगार साबित हो रहा है। इसके साथ ही यह योजना ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए स्थायी रोजगार का जरिया बनकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

उल्लेखनीय है कि आदर्श गौठान बरही में नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना अंतर्गत विभिन्न प्रकार की आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसमें से वर्मी खाद निर्माण का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आदर्श गौठान बरही में ग्वालिन स्वसहायता समूह की 11 महिलाओं द्वारा गौठान में वर्मी खाद निर्माण का कार्य किया जा रहा है। बरही गौठान में वर्मी खाद निर्माण के फलस्वरूप इस कार्य से जुड़े स्वसहायता समूह की महिलाओं को निरंतर आमदनी होने से आज उनका जीवन स्तर पूरी तरह से सुधर गया है। राज्य शासन के गोधन न्याय योजना के फलस्वरूप गोबर बिक्री एवं वर्मी खाद निर्माण से उनके जीवन में हुए बदलाव के संबंध में जानकारी देते हुए ग्वालिन स्वसहायता समूह की सक्रिय सदस्य केंवरा बाई ने इस योजना की मुक्तकंठ से सराहना की है। केंवरा बाई ने कहा कि राज्य शासन द्वारा गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के पूर्व उन्हें रोजगार की तलाश में आसपास के अन्य गांवों में जाना पड़ता था। लेकिन कड़ी मेहनत के बाद भी कोई खास आमदनी नहीं हो पाती थी। राज्य शासन द्वारा गोधन न्याय योजना शुरू कर इसके माध्यम से गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण कार्य प्रारंभ करने से आज यह योजना उनके जीवन को उनके जीवन के लिए कायाकल्प साबित हो गया है। उन्हें बताया कि आज बरही गौठान में वर्मी खाद निर्माण शुरू होने से उनके अलावा एवं उनके समूह के अन्य महिलाओं को रोजगार एवं आमदनी का बेहतरीन जरिया मिल गया है। केंवरा बाई ने कहा कि वर्मी खाद निर्माण से होने वाली आमदनी से उनका पारिवारिक जीवन सुखमय हो गया है। इस कार्य से होने वाली आमदनी का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के अलावा अन्य घरेलू कार्यों में कर रहीं है।

# वर्मी कम्पोस्ट बैग बना आय का जरिया, गौठानों में किए विक्रय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्लास्टिक पर्यावरण के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। प्लास्टिक की वजह से प्रदूषण न हो तथा इंसानों और मवेशियों को भी इससे नुकसान न हो इसके लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध के चलते गौठानों के जरिए ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का नया साधन उपलब्ध हुआ है।

गौठानों में महिला स्व सहायता समूह अब वर्मी कंपोस्ट से बैग तैयार कर रही हैं जो सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पर्यावरण को संरक्षण दे रहा है तथा इससे आय भी अर्जित हो रही है। राज्य में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगित पार्क (रीपा) के अंतर्गत मानक रूप वर्मी कम्पोस्ट बैग बनाने का उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए मशीन की स्थापना की जा रही है जिससे समूह की महिलाओं



को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस रोजगार से जुड़ी समूह की महिलाएं अब अमानक प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए वैकल्पिक उत्पाद जैसे वर्मी कम्पोस्ट बैग, थैले, कागज के लिफाफे और दूसरे सामान बनाने की ओर अग्रसर हैं। इसी तर्ज पर महिला समूह अमानक प्लास्टिक पर असरदार तरीके से बैन लगाने के लिए सस्ते दरों पर वैकल्पिक सामग्रियां उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में महासमुंद जिले के बिरकोनी गौठान की ग्रामीण महिलाएं सिरपुर वर्मी कम्पोस्ट नाम से बैग निर्मित कर रही हैं।

राज्य सरकार द्वारा नो प्लास्टिक मुहीम के तहत रीपा के माध्यम से महिला समूहों को रोजगार से जोड़ने की कार्ययोजना बनायी गयी है। बिरकोनी की राम जानकी स्व सहायता महिला समूह द्वारा बनाए गए वर्मी कम्पोस्ट बैग एवं अन्य पैकिंग सामग्री, जरूरत अनुसार गौठनों में और सी-मार्ट में उपलब्ध हो रहे हैं। राम जानकी स्व-सहायता समूह बिरकोनी की श्रीमती रेखा नागपुरे ने बताया कि अब तक उन्हांने 5 हजार वर्मी कम्पोस्ट बैग जिले की गौठानों में मांग अनुसार उपलब्ध कराया है तथा उन्हें और भी ऑर्डर लगातार मिल रहे हैं। समूह की अध्यक्ष के अनुसार यह बैग मानक के अनुरूप और काफी हल्के और मजबूत होने के कारण लाने ले जाने में आसान है जिसकी वजह से इनकी मांग ज्यादा है।

## चारामा अस्पताल में सिजेरियन प्रसव फिर से प्रारंभ

**कांकेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा में 25 फरवरी 2023 से एक बार फिर सिजेरियन सुविधा बहाल हुई है, जून 2023 की स्थिति में 43 उच्च जोखिम लक्षण वाली गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक सिजेरियन प्रसव किया जा चुका है। स्त्री रोग विशेषज्ञ के आने से अब क्षेत्रवासियों को सिजेरियन प्रसव के साथ ही माहिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों की परामर्श, जांच व उपचार सुविधाएं भी मिलने लगी हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ के सेवा से त्यागपत्र देने तथा निश्चेतना अधिकारी का कोविड-19 से मृत्यु होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा में सिजेरियन प्रसव बंद हो चुका था। ऐसे में क्षेत्र के अधिकांश गर्भवती माता जटिल प्रसव की स्थिति में प्राइवेट अस्पतालों में जाने को मजबूर थे।


















## खास-खबर




### ब्राह्मणों पर देशद्रोह का मामला दर्ज कराने छत्तीसगढ़ गृहविभाग का पत्र वायरल, सरकार ने बताया फर्जी

**रायपुर।** सोशल मीडिया के माध्यम से एक पत्र वायरल हो रहा है। इस पत्र में कान्यकुब्ज, सरयूपारिण या अन्य पुजारी ब्राम्हणों पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर कार्रवाई का उल्लेख किया गया है। इस पत्र को छत्तीसगढ़ गृह विभाग द्वारा जारी किए जाने का फेंक न्यूज सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसकी जानकारी लगने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने इसका खंडन किया है। छत्तीसगढ़ स्टेट फेंक न्यूज कंट्रोल एंड स्पेशल मॉनिटरिंग सेल ने इस पत्र को पूरी तरह से फर्जी बताया है।

दरअसल सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ गृह विभाग का एक फर्जी पत्र वायरल हो रहा है। फेंक पत्र में कान्यकुब्ज, सरयूपारिण या अन्य पुजारी ब्राम्हणों पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर कार्रवाई का उल्लेख किया गया है, जो पूर्णत: असत्य एवं भ्रामक है। वायरल किये जा रहे छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय के पत्र को छत्तीसगढ़ स्टेट फेंक न्यूज कंट्रोल एंड स्पेशल मॉनिटरिंग सेल द्वारा फेंक न्यूज करार दिया गया है। इस संबंध में गृह मंत्रालय द्वारा किसी भी प्रकार का पत्र जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

### छुट्टी बढ़ी तो चोरों ने स्कूल से खाद्य सामान किया पार

**कोरबा ( ए )।** शहर के पुराना बस स्टैंड के पास स्थित सरकारी स्कूल में ताला तोड़कर मध्याह्न भोजन के लिए रखे गए राशन सामग्री की चोरी कर ली गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है। मानसून के आधार पर पूर्व में 16 जून से स्कूल खुलने की तैयारी थी। इसके लिए सरकारी स्कूलों में छात्रों के मध्याह्न भोजन के लिए भी राशन सामग्री खरीदी व भंडारण कर लिया था, लेकिन गर्मी तेज पड़ने व मानसून के लेट होने के मद्देनजर राज्य सरकार ने छुट्टी की अवधि 26 जून तक बढ़ा दी।

शहर के पुराना बस स्टैंड के पास व सिटी कोतवाली के समीप स्थित सरकारी स्कूल में भी स्टाफ ने मध्यान्ह भोजन के लिए राशन सामग्री का भंडारण कर लिया था। छुट्टी बढ़ने पर सामग्री स्कूल के अंदर ही रखा रह गया। वहीं मौका देखकर चोरों ने स्कूल में धावा बोला। जहां ताला तोड़कर पूरे राशन सामग्री की चोरी कर ली गई। मात्र भोजन पकाने के लिए रखे गए लकड़ी को ही छोड़ दिया। शुक्रवार को पुन: स्कूल खोलने की तैयारी के लिए स्टाफ पहुंचा तो चोरी की घटना का पता चला। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# वन विभाग के छापे में भारी मात्रा में साल लकड़ी और अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन, हाईड्रा मशीन भी जब्त

### वन विभाग द्वारा जप्त माल का किया जा रहा आंकलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर वन विभाग द्वारा लकडि़यों के अवैध परिवहन और कटाई पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। बिलासपुर वन मंडल की टीम द्वारा भारी मात्रा में साल लकड़ी का अवैध रूप से बिहार के पटना परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की गई है।

वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर कुमार निशांत के मार्ग दर्शन में वन विभाग के संयुक्त दल ने एक साथ बेलगहना रेंज अंतर्गत भेलवाटिकरी के पास 16 चक्का टाटा वाहन में ताज़ा गीला साल (सरई) 10 नग लकड़ी भरा हुआ एवं 1 नग हाईड्रा मशीन को जप्त किया गया। मौके पर लगभग 30 नग लकड़ी अवैध कटाई कर संग्रहण कर रखा हुआ लावारिश हालात में मिला। जप्त वाहन 16 चक्का वाहन की अनुमानित कीमत 50 लाख रूपए, जप्त लकड़ी की कीमत 20 लाख रूपए एवं हाईड्रा मशीन की कीमत 15 लाख रूपए हैं। जप्त वाहन, हाईड्रा मशीन एवं वनोपज की कुल कीमत 85 लाख रुपए आंकी गई। वन विभाग की कार्यवाही अभी जारी है, अभी भी वनकर्मी जप्त लकड़ी का माप-जोख कर रहे हैं।

वन विभाग के टीम ने मौका घटना के समय लकड़ी के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर भारतीय





वन अधिनियम, छत्तीसगढ़ अभिवहन नियम, छत्तीसगढ़ ब्यापार विनीयमन अधिनियम, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अभियुक्त मुकेश कुमार पिता परमा सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी खैरा पोस्ट उसरी थाना मेंहदिया जिला अलवर (बिहार), भोला कुमार पिता विनोद पासवान उम्र 18 वर्ष निवासी बेलसार, जिला अलवर (बिहार) के ऊपर वन अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि 23 जून को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिलासपुर वन मंडल द्वारा आकस्मिक रात्रि गस्त करने हेतु वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार बेलगहना वन परिक्षेत्र एवं उडनदस्ता दल रात्रि गश्त कर रहे थे। वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर कुमार निशांत को 24 जून को मुखबिर से सूचना मिला की भारी मात्रा मे साल लकड़ी का अवैध रूप से अन्य राज्य बिहार पटना परिवहन किया जा रहा हैं। सूचना मिलते ही वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा वन अमला उड़नदस्ता बिलासपुर, बेलगहना के वन कर्मीयों विगत 5 से 6 दिनों तक लगातार गश्त करने का निर्देशित किया गया। उड़नदस्ता दल एवं बेलगहना रेंज के स्टाफ लगातार रात्रि गस्त कर रहे हैं पल-पल की खबर वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर लेते रहे।

सूचना मिलते ही टीम को तत्काल मौका घटना स्थल पहुंचकर कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया। लकड़ी के संबंध में वाहन चालक मुकेश कुमार से पूछताछ करने पर वाहन चालक द्वारा बताया गया की लकड़ी कटाई, लकड़ी परिवहन के संबंध में मेरे पास कोई वैध कागजात नहीं हैं। वाहन चालक ने बताया की वह बिहार से चावल लेकर राजनांदगाव आया हुआ था तो रायपुर ट्रांसपोर्ट नगर के ट्रांसपोर्टर द्वारा मुझे बेलगहना के भेलवाटिकरी में यहां लाकर लकड़ी को लोड करा रहे हैं। वन विभाग की टीम को देख कर लकड़ी मालिक एवं लकड़ी लोड कराने वाला व्यक्ति फरार हो गया।

# घर में घुस बंदूक की नोक पर लूट लिए लाखों के जेवर व नगद




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ( ए )।** शहर के महाराणा प्रताप नगर नगर में रहने वाले एक बालको कर्मी के घर चार बदमाश घुस गए और घर में मौजूद एक वृद्धा को बंधक बनाकर एक लाख रुपये नगद व 12 लाख के सोने के जेवर लूट कर ले गए। जिस दुस्साहसिक ढंग से इस घटना को अंजाम दिया गया क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महाराणा प्रताप नगर में रहने वाले बालको कर्मी राजकुमार निर्मलकर अपने कुछ स्वजनों के साथ ग्राम नरियारा अकलतरा दसगात्र के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। राजकुमार की मां और उनकी नाबालिग बेटी घर में थे। रात को करीब आठ बजे चार बदमाश घर के अंदर धड़धड़ाते घुस गए। लुटेरों के हाथ में चाकू बंदूक था। जान से मार देने की धमकी देते हुए डराया और वृद्धा को रस्सी से बांधने के साथ मुंह में टेप भी लगा दिए। लुटेरे निर्मलकर की पुत्री से घर के अलमारी की चाबी लेकर रखे नगद करीब एक लाख रुपए और 12 तोला सोने के जेवर समेट लिया और चंपत हो गए। घटना के थोड़ी देर बाद निर्मलकर की पुत्री बाहर निकल कर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके साथ ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लूट कर ले गए जेवर की कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही। इस तरह कुल लगभग 13 लाख रुपए की लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि घर में कुछ और सदस्य भी थे जो थोड़ी देर पहले ही घर से निकल कर आस-पास में ही कहीं गए थे। इस बीच आरोपियों ने घर में धावा बोला। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना के प्रभारी रवि उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसके साथ कोतवाली मानिकपुर सीएसईबी चौकी बाल्को थाना के प्रभारी को भी घटनास्थल बुला लिया गया। पुलिस नाकेबंदी कर आरोपितों को ढूंढने में जुट गई। बताया जा रहा है कि राजकुमार के पिता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत जनरेशन कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, उनका निधन हो चुका है। रिटायरमेंट में मिली राशि से जेवर खरीदे थे।

# स्पा सेंटर्स में सेक्स रैकेट, 13 लड़कियां पकड़ी गईं, रायपुर की थर्ड जेंडर कर रही थी ऑपरेट, स्टाफ के चार युवक भी अरेस्ट

**रायपुर ( ए )।** रायपुर पुलिस ने शहर के दो स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एक थर्ड जेंडर इसे ऑपरेट कर रही थी। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को इसके मोबाइल से कई सेक्स वर्कर्स की तस्वीरें और जानकारी मिली हैं। ग्राहकों की मिली जानकारी पर कुछ युवकों को भी पकड़ा गया है। शनिवार रात इन्हें गिरफ्तार किया गया है।

पिछले कुछ दिनों से पुलिस को ब्लू मून स्पा सेंटर और द माइंड वैलनेस स्पा सेंटर के बारे में इनपुट मिल रहा था कि स्पा सेंटर के नाम पर देह व्यापार का धंधा चला रहे हैं। महिला पुलिस की स्पेशल यूनिट, सिविल लाइन थाने की टीम और एंटी क्राइम सायबर यूनिट, महिला रक्षा टीम ने मिलकर इस छापेमारी को अंजाम दिया।

सबसे पहले टीम शंकर नगर स्थित द माइंड वैलनेस स्पा सेंटर में पहुंची। यहां मैनेजर आशियाना यादव मिली। थर्ड जेंडर आशियाना यहां सेक्स रैकेट चला रही थी। पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं जिनमें सेक्स रैकेट से जुड़े सबूत मिले हैं। स्पा सेंटर का संचालक पिंटू जायसवाल फिलहाल फरार है। पुलिस ने आशियाना को गिरफ्तार किया है। यहां कुछ लड़कियां भी मिली जिन्हें पुलिस अपने साथ थाने ले आई। दूसरी छापामार कार्रवाई ब्लूमून नाम के स्पा सेंटर में हुई। जिस मकान में सपा



चल रहा था उसके मकान मालिक की भी इसमें गहरी भूमिका है। मकान मालिक अशोक बारत और मैनेजर आकाश साहू, सहायक मैनेजर विवेक साहू को पकड़ा गया है। इनके पास से तीन मोबाइल मिले हैं। ब्लू मून स्पा सेंटर का संचालक फरार बताया जा रहा है।

### 13 लड़कियों से पुलिस कर रही पूछताछ

दोनों सेंटर्स में अवैध गतिविधियों में शामिल 13 लड़कियां पुलिस को मिली। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के पास से मिले मोबाइल जब चेक किए गए तो इनमें देह व्यापार संचालित करने के सबूत मिले। यह लड़कियों की तस्वीरें लोगों को भेजकर इस धंधे में डील किया करते थे।

मोबाइल फोन में कई ऐसे ग्रुप भी मिले हैं जिसमें पूरे भारत में देह व्यापार से संबंधित आरोपियों के चैट मिले हैं। इनमें से कुछ बंगाल की लड़कियां शामिल है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार काश साहू, विवेक साहू, अशोक बारत और आशियाना यादच, राकेश महानंद के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 11 केवी लाइन का फॉल्ट सुधार रहा था इलेक्ट्रीशियन अचानक चालू हुई सप्लाई और पोल पर चिपका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में शनिवार को हादसे में लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल बारिश के कारण बिजली गुल हो गई थी जिसके कारण इलेक्ट्रीशियन 11 केवी लाइन का फाल्ट सुधारने चढ़ा था। इस बीच अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई और लाइनमेन वहीं पोल पर ही करंट से चिपक गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला देवभोग थाना क्षेत्र का है।





मिली जानकारी के अनुसार देवभोग थाना क्षेत्र के मूचबहाल में शुक्रवार को तेज बारिश के कारण क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हो गई थी। शिकायत मिलने के बाद मैकेनिक गजेंद्र मांझी फॉल्ट सुधारने पहुंचा। दरअसल 11 केवी लाइन के इंस्यूलेटर का फ्यूज खराब हो गया था इसके ही बनाने के लिए वो इलेक्ट्रीशियन परमिट लेकर 11 केवी लाइन के पोल पर चढ़ा। इलेक्ट्रीशियन अपना काम कर ही रहा था कि तभी बिजली सप्लाई शुरू हो गई।

बिजली सप्लाई शुरू होने से इलेक्ट्रीशियन को तेज करंट लगा और पोल पर वह चिपक गया। तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसका शव पोल पर लटका रहा। जैसे ही घटना की जानकारी बिजली विभाग को मिली बिजली सप्लाई बंद की गई। मौके पर पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे। आनन फानन में उसके शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बिजली विभाग की ओर से बताया गया कि मृतक गजेन्द्र मुंडा आउटसोर्स पर काम कर रहा था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि परमिट लेकर काम करने के बाद भी बिना काम पूरा हुए सप्लाई कैसे चालू हुई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सहेली से मिलने पहुंची थी नाबालिग, पिता ने किया दुष्कर्म, पांच दिन बाद आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने वाला कोई और नहीं बल्कि नाबालिग की सहेली का पिता है। दरअसल 16 साल की नाबालिग अपनी सहेली से मिलने उसके घर गई थी। इस दौरान उसकी सहेली तो घर पर नहीं थी। उसके घर पर सहेली का पिता अकेला था और नाबालिग को देख उसकी नीयत बिगड़ गई। सहेली का पिता उसे घर के अंदर खींचकर ले गया और दुष्कर्म किया। इस मामले शिकायत के बाद भी पुलिस ने दो दिन एफआईआर नहीं की। एसडीओपी की दखल के बाद मामला दर्ज




हुआ और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

घटना 19 जून की बताई जा रही है। जिले के गोण्डाहुर थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग अपनी सहेली के रविंद्र नगर स्थित घर गई थी। घर पहुंचकर उसने आवाज लगाई तो उसकी सहेली का पिता बाहर निकला। घर पर कोई नहीं था और इसका फायदा उठाते हुए वह लड़की को खींचते हुए अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद नाबालिग को जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद नाबालिग काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी छोटी बहन वहां पहुंची और अपनी दीदी की हालत देख शोर मचाया। आसपास के लोग वहां पहुंचे और नाबालिग के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। इधर पुलिस दो दिनों तक एफआईआर दर्ज न कर पीड़िता को घुमाती रही। पीड़िता ने परिजनों के साथ इसकी शिकायत पखांजूर एसडीओपी से की। एसडीओपी के निर्देश पर 22 जून को पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया और 23 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

## महिलाओं ने जाबो मतदाता रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए दुर्ग नगर निगम द्वारा जाबो मतदाता कार्यक्रम के तहत वार्ड 42 में होने वाले उपचुनाव को लेकर जाबो मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके नए मतदाताओं कोअनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ सभी ने मतदान करने का संकल्प लिया।मतदाताओं को प्रोत्साहित करने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता हेतु निगम द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत मतदाताओं को अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। कसारीडीह वार्ड 42 क्षेत्र के रिक्त पार्षद पद पर चुनाव कराया जाना है चुनाव में सौ फीसदी मतदान के लिए आज निगम प्रशासन द्वारा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने कसारीडीह रहवासी क्षेत्र में पहुंचकर बिना कोई भय के मतदान करने की अपील की जा रही है।जागरूकता अभियान मतदान के लिए प्रेरित करने लोग ले रहे संकल्प जाबो कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के लिए बैनर और पोस्टरों के जरिये रैली निकालकर लोगो को मतदान का महत्व बताया। लोगों से कहा कि एक एक मत का महत्व होता है।मतदाता जाबो जगरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## पोटिया व डिपरापारा शराब दुकान से वार्डवासी परेशान, चक्काजाम कर जताया आक्रोश

**दुर्ग।** दुर्ग-पुलगांव बायपास रोड स्थित पोटिया चौक में देशी व अंग्रेजी शराब दुकान की वजह से लगातार बिगड़ रहे माहौल के खिलाफवार्डवासियों ने शनिवार को भाजपा नेताओं के साथ चक्काजाम कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से रोड पर आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि पोटिया व डिपरापारा की शराब दुकानें हटाया जाए। जिला प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद ही प्रदर्शन खत्म हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पोटिया में शराब दुकान की वजह से रोज भीड़भाड़ की स्थिति रहती है। दो दिन पहले ही पोटिया शराब दुकान के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई थी वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि इस रास्ते से गुजरना दुभर हो गया है। छेडख़ानी और गंदे अपशब्दों की छींटाकशी महिलाओं को झेलना पड़ता है। बच्चों का स्कूल आना जाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। ऐसे में शराब दुकान का रहना दुर्भाग्यजनक है। जिसको तत्काल हटाया जाना चाहिए। प्रदर्शन से मौके पर पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात किए गए थे, जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार ख्याति नेताम उपस्थित थी। जिनके आश्वासन पर चक्काजाम खत्म किया गया व चेतावनी दिया गया कि अगर शराब दुकान जल्द नहीं हटता है, तो पुन: उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम कर विरोध किया जाएगा।

## बीआरएम ने बनाया दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की महत्वपूर्ण इकाई बीआरएम की प्रतिबद्ध टीम ने दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए 21 जून 2023 को 16 एमएम टीएमटी बार में 3700 टन (1779 बिलेट्स) का उत्पादन कर नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया। बीआरएम ने उत्पाद गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिषत ग्राहक संतुष्टि को अपना लक्ष्य रखा है। बीआरएम के उत्पाद देश के सेंट्रल विस्टा, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट, राम मंदिर अयोध्या, बार्डर रोड ऑर्गनाईजेषन जैसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहे है तथा एन उत्पादों को ग्राहकों से अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है।

# हमारी सरकार आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बधेल जिला मुख्यालय दुर्ग में केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के तत्वाधान में आयोजित रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। उन्होंने रानी दुर्गावती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जो समाज अपने अतीत की जानकारी नहीं रखता वह विकास से दूर हो जाता है।**



आज आदिवासी समाज अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण कर वीरांगना रानी दुर्गावती की बलिदान पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित कर रहा है। रानी दुर्गावती ने समाज कल्याण के लिए प्राणों का त्याग कर इतिहास में अमर हो गई। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है। समाज के रीति नीति, देवी-देवताओं के मठ को संरक्षित कर विकसित किया जा रहा है। आदिवासी पुजारियों के किये मानदेय राशि की व्यवस्था की गई है। आदिवासी नृत्य महोत्सव से समाज को देश दुनिया मे पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति को बचाने सरकार काम रही है। आर्थिक विकास के लिए वनोपजों का वाजिब दाम की व्यवस्था की गई है। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा पर जोर देते हुए सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में शासकीय आत्मानंद स्कूल की व्यवस्था की गई है। नक्सली क्षेत्रो में 300 बंद स्कूल खोले गए है। बस्तर में मलेरिया मुक्त अभियान के अच्छे परिणाम मिले है। सरकार समाज के सभी वर्ग के विकास के साथ समता मूलक समाज की स्थापना कर रही है। सभी समाज के लिये जमीन व राशि की व्यवस्था की जा रही है। जमीन की मालिकाना हक के लिए समाज को 10 प्रतिशत राशि शासन को देनी होगी। उन्होंने कहा कि जिस समाज के पास जमीन है उसको सरकार भवन आदि बनाने के लिए राशि प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाज के अध्यक्ष द्वारा की गई मांगों का जिक्र करते हुए गोण्डवाना भवन दुर्ग में डोम बनाने के लिए 50 लाख रूपए की राशि की घोषणा किया। केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एम डी ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में गोंडवाना के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। समारोह को विधायक अरुण वोरा ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी निलकंठ गढ़े, सीताराम ठाकुर, राजेश ठाकुर, विष्णु देव ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय विद्यारतन भसीन को दी श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले के भिलाई वैशाली नगर के विधायक विद्यारतन भसीन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वर्गीय विद्यारतन भसीन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्रीमती चन्दर भसीन और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। बघेल ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से इस अपार दुख की घड़ी में स्वर्गीय भसीन के परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपशिष्ट से ग्रीन टाईल्स का उत्पादन शुरू किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपशिष्ट प्रबंधन के उद्देश्य से पेवर ब्लॉक ग्रीन टाईल्स का उत्पादन शुरू किया। बीओएफस्लैग से पेवर ब्लॉक बनाने के लिए नई अभिनव पहल हरित पर्यावरण, 100 प्रतिषत ठोस अपशिष्ट के पुन:उपयोग और कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक ईंधन रहित प्रक्रिया है।**




संयंत्र के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 24 जून 2023 को सेल- ग्रीन टाईल्स प्लांट का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर दासगुप्ता ने पूरे टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए अत्यंत हर्ष का दिन है। हम आरएमपी-01 की टीम के प्रति हम आभारी हैं जिन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के इस अनोखी पहल को सफ्लतापूर्वक अंजाम तक पहुँचाया है। आगे उन्होंने कहा कि बीओएफस्लैग का निपटान एक चुनौती है और अभी तक इसका पूर्ण सुव्यवस्थितिकरण उचित रूप से नहीं हो पाया है।

पेवर-ब्लॉकों का उपयोग पार्किंग क्षेत्र और सड़क के किनारे सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के उद्देश्य से किया जाता है। यह सेल-ग्रीन टाइल्स प्लांट के दो उद्देश्यों को पूरा करेगा, पहला यह बीओएफ स्लैग के निपटारे में सहायता करेगा और दूसरा यह हमारे प्लांट और टाउनशिप के सौंदर्यीकरण के साथ भविष्य में राजस्व उत्पन्न करने में मदद करेगा। श्री दासगुप्ता ने इस तरह की एक अभिनव पहल के लिए मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) को बधाई दी और सभी आंतरिक संसाधनों के उपयोग के लिए टीम को भी बधाई देते हुए कहा, यह टीम बीएसपी की प्रतिभा, भावना और क्षमता को दर्शाता है। सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट में बने पेवर ब्लॉक वर्तमान में बाजार में उपलब्ध ब्लॉक से काफी सस्ते और बेहतर हैं। श्री दासगुप्ता ने प्रति दिन 1000 टाइल्स उत्पादन का लक्ष्य रखा और बाद में इस लक्ष्य को मांग के अनुसार वृद्धि की अपेक्षा की। आगे उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र, स्टील उत्पदान के साथ 'जुगाड़ टेक्नोलोजी' (वेस्ट मैनेजमेंट का सदुपयोग) में भी आगे आया है जिसके लिए उन्होंने अन्य विभागों को भी प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रविन्द्रनाथ एम समेत विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न उच्च अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तेरापंथ महिला मंडल ने नवकार मंत्र पर गीतिका का संगान किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अचार्य महाश्रमण की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका डॉक्टर ज्योति प्रज्ञा व डॉक्टर समणी मानस प्रज्ञा का भिलाई में आगमन हुआ तेरापंथ महिला मंडल ने नवकार मंत्र पर गीतिका का संगान किया। डॉक्टर समणी मानस प्रज्ञा ने जीवन को श्रेकर व तेजस्वी बनाने के लिए छोटे-छोटे संकल्प, छोटे आदर्श जीवन को अच्छा बताया । डॉ ज्योति प्रज्ञा ने मनुष्य जीवन की दुर्लभता को बताते हुए कहा मनुष्य जीवन मिलना ,जैन धर्म व गुरु को प्राप्त करना सौभाग्य का सूचक है अपने सौभाग्य को बढ़ाने के लिए देव ,गुरु ,धर्म पर श्रद्धा रखें ।

प्रेक्षाध्यान 13 चेतना केंद्र की बात बताई, उन केंद्रों पर ध्यान करके शक्ति को जगा सकते हैं और अंतिम गति मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं, तात्कालिक प्रश्नोत्तर के कार्यक्रम में पोरवाल जी विजेता रहे। सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक वर्ग में अणुव्रत समिति की




बैठक रखी उसमें सभी मेंबरों की अच्छी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर समणी ज्योति प्रज्ञा जी ने कहा आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन की शुरुआत की और छोटी-छोटी नियम मानव जाति के लिए बनाए, जो कल्याणकारी है।उन नियमों का पालन कर व्यक्ति सुखी, स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सहयोगी बन सकता हैं ।नवनिर्मित अध्यक्ष रश्मि जैन एवं सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य मैडम ने भी अपनी बातों को रखा। इस तरह पूरा कार्यक्रम स्वल्पाहार के साथ समाप्त हो।

## एसएमएस 2 के हाई स्पीड कास्टर नंबर 6 ने बनाया नया रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-2 निरन्तर नए कीर्तिमान बना रहा है। एसएमएस-2 के हाई स्पीड कास्टर क्रमांक-6 ने एक बार फिर 22 जून 2023 को सिंगल सीक्वेंस में 62 हीट का नया रिकॉर्ड बनाया। 17 अप्रैल 2023 को हासिल किए गए 60 हीट के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए नया कीर्तिमान दर्ज किया है।**

कास्टिंग 22 जून 2023 को दोपहर 1.41 बजे शुरू हुई और 24 जून 2023 को सुबह 09.40 बजे समाप्त हुई। 22 जून 2023 को सिंगल सीक्वेंस में कास्टर का कुल रनिंग टाइम अधिकतम 44 घंटे था। एसएमएस-2 के हाई स्पीड कास्टर क्रमांक-6 ने सिंगल सीक्वेंस में 62 हीट के रिकॉर्ड को टंडिश में कुछ मॉडीफिक्रेषनों यानी एसईएन, इम्पैक्ट पैड, स्लाइड गेट प्लेट्स और टंडिश लाइनिंग द्वारा हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कास्टर 6 टीम द्वारा तकनीकी मानदंडों का सख्ती से पालन करते हुए, उच्च स्तर की परिचालन दक्षता के माध्यम से रिकॉर्ड प्रदर्शन संभव हुआ है। प्लेट मिल को हॉट चार्जिंग हीट (58) की उच्चतम संख्या भी सीधे ही प्राप्त हुई, जिससे प्लेट मिल को अपनी रोलिंग दर बढ़ाने में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक आलोक माथुर ने परिचालन टीम का नेतृत्व किया। मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल टीमों का नेतृत्व महाप्रबंधक (मैकेनिकल), योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) सौरव जैन किया। मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल ने एसएमएस-2 के कास्टर 6 की प्रतिबद्ध टीम को नया मील का पत्थर स्थापित करने हेतु बधाई दी। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए कास्टर 6 टीम को बधाई प्रेषित की।

## जिपं उपचुनाव में धुंआधार प्रचार, ताम्रध्वज साहू ने प्रत्याशी लक्ष्मी साहू के लिए जनता से मांगा आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी लक्ष्मी साहू के पक्ष में जनसंपर्क कर जनता से उन्हें भरी मतों से विजयी बनाने अपील की। उन्होंने ग्राम कोटनी, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्शीडीह, खुरशुल, गनियारी,और पीपरछेड़ी में जनसंपर्क कर छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के बारे में बताते हुए एवं उनसे मिले लाभ के संबंध में चर्चा कर क्षेत्र के विकास के लिए जनता से कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मी साहू को अपना आशीर्वाद प्रदान करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा



कि स्व. शालानी यादव के निधन के बाद यंहा उपचुनाव हो रहा है; आप सभी ने अपील है कि अपना आशीर्वाद प्रदान कर लक्ष्मी साहू को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाएं, वही स्व.शालनी यादव को एक सच्ची श्रद्धांजली होगी।

ताम्रध्वज साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों का कर्जा माफ, राजीव गांधी किसान योजना, 2500 रूपये में धान खरीदी, बेरोजगारी भत्ता,गोधन न्याय योजना सहित शिक्षा व स्वास्थ्य में भी क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं, जिससे प्रदेश के हर व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रदेश के किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं महिलाओं की उन्नति करने और नवा छत्तीसगढ़ गढने संकल्पपथ पर आगे बढ़ रही है।

इसी तरह दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में करोड़ों की राशि क्षेत्र में सड़क का जाल बिछ रहा है। ग्राम कोटनी नगपुरा के मध्य उच्चस्तरीय पुल निर्माण ,ग्राम नगपुरा में शिक्षा हेतु महाविधालय की स्थापना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कानून व्यवस्था के लिए ग्राम नगपुरा में पुलिस चौकी की स्थापना और एक सामाजिक भवन, ग्राम रसमडा में आई टी आई की घोषणा सहित अन्य विकास कार्य हुए हैं।

# आधार अपडेशन के लिए भिलाई में लग रहा शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आधार अपडेशन के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 जून से 19 जुलाई तक आयोजित होगा। नगर पालिक निगम भिलाई की आम नागरिकों से अपील है कि जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं कराया है वह अपना आधार कार्ड शीघ्र ही अपडेट करा लें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी यह अत्यंत आवश्यक है जरूरी दस्तावेजों के लिए भी आधार अपडेशन जरूरी है।**

10 वर्ष पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें आधार अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। ताकि उन्हें इस आधार पर अन्य दस्तावेजों को बनाने में सहूलियत हो और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अब तक कई लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपना आधार अपडेट करवा लिया है



साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनवा लिया है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कर्मचारियों के द्वारा डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आधार अपडेशन नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें हो रही है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड होना जरूरी है। राशन कार्ड निगम के सभी जोन कार्यालय के चॉइस सेंटर में बनाया जा सकता है।

आधार अपडेशन के लिए इन वार्ड क्षेत्रों में आयोजित होगा शिविर उठाए लाभ और कराए आधार अपडेशन दिनांक 26.06.2023 को वार्ड क्रं. 01 जुनवानी सांस्कृतिक भवन खम्हरिया, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर दशहरा मैदान गणेश मंच के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी, वार्ड क्रं. 38 सोनिया गांधी नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 57 सेक्टर 04 पूर्व सड़क 12 व 13 के बीच मंच, दिनांक 27.06.2023 को वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर राधा कृष्ण मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड क्रं. 15 शा.प्रा.शाला अम्बेडकर नगर, वार्ड क्रं. 31 मदर टेरेसा नगर कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप, वार्ड क्रं. 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर खेल मैदान सामुदायिक भवन के पीछे सुभाष नगर, वार्ड क्रं. 58 सेक्टर 04 पश्चिम सड़क 27 पार्षद कार्यालय के पास, दिनांक 28.06.2023 को वार्ड क्रं. 03 मॉडल टाउन पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड क्रं. 16 सुपेला बाजार सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के पास, वार्ड क्रं. 32 बैकुण्ठधाम सुंदर नगर पुराना स्वास्थ्य कार्यालय, वार्ड क्रं. 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी सांस्कृतिक भवन मंगल बाजार छावनी, वार्ड क्रं. 59 सेक्टर 05 पूर्व संत विजय एडोटोरिया, दिनांक 30.06.2023 को वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 16 सपेुला बाजार सामुदायिक भवन संकर पारा, वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा केम्प 02 स्वास्थ्य कार्यालय दुबेलिया साहू समाज के पास, वार्ड क्रं. 41 औधोगिक क्षेत्र छावनी सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 60 सेक्टर 05 पश्चिम संत विजय एडोटोरिया, दिनांक 03.07.2023 को वार्ड क्रं. 05 कोसानगर सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रं. 19 राजीव नगर राम जानकी मंदिर वार्ड क्रं. 34 वीर शिवाजी वार्ड पार्षद कार्यालय मिलन चैंक, वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर राज टेलर के पास शीतला मंदिर के पास भवन, वार्ड क्रं. 61 सेक्टर 06 पूर्व नगर निगम जोन कार्यालय, दिनांक 04.07.2023 को वार्ड क्रं. 06 प्रियदर्शिनी परिसर संजय नगर शीतला मंदिर,वार्ड क्रं. 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल वार्ड क्रं. 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन आदि है।

## न्यूनतम वेतन नहीं देने वाले फैक्ट्री और ठेकेदारों पर होगी कार्यवाही-मिश्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं देने वाले फैक्ट्री और ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में आयोजित बैठक में एचएमएस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं भविष्य निधि क्षेत्रीय समिति बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य एच. एस. मिश्रा के द्वारा इस संबंध में की गई पहल पर श्रम सचिव अमृत खलखो ने श्रम कानून का उलंघन करने वालों पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। इस बैठक में श्री मिश्रा ने मजदूरों के शोषण का मामला उठाया।

हिंद मजदूर सभा एचएमएस के कार्यवाहक अध्यक्ष एच. एस. मिश्रा ने बताया कि दिनांक 22 जून 2023 को भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में भविष्य निधि की क्षेत्रीय समिति की बैठक श्रम आयुक्त श्रम सचिव अमृत खलखो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मजदूर प्रतिनिधियों के साथ कंपनी प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। रीजनल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर अभिषेक कुमार साहब की उपस्थिति में सभी लोगों ने अपनी अपनी बात को रखा। जिसमें एचएमएस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं भविष्य निधि क्षेत्रीय समिति बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य एच. एस. मिश्रा ने संगठित और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के भविष्य निधि की कटौती में पूरे हाजिरी के हिसाब से नहीं किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम हाजिरी पर कटौती की जाती है। अधिकतर फैक्ट्री मालिक, एजेंसी, संस्थान और ठेकेदार भविष्य निधि की कटौती करते ही नहीं है। अधिक से अधिक लोग भविष्य निधि का रजिस्ट्रेशन व कोड नंबर भी नही लिए हैं। श्री मिश्रा ने यह भी बताया कि बैठक में मौजूद सभी प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि कर्मचारी मजदूरों का भारी शोषण हो रहा है। श्रम सचिव से भी निवेदन किया गया कि न्यूनतम वेतन ही नहीं मिलेगा तो कर्मचारी मजदूरों का सही भविष्य निधि की कटौती संभव नहीं है। जिस पर श्री खलखो ने कहा कि कहां-कहां न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है, उस फैक्ट्री ठेकेदार और संस्थान का नाम पूरा विवरण लेटर हेड पर लिख कर दीजिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950